


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल
साझा करें अपने मित्रों से
श्रीकंचनपथ ONLINE
visit us http://www.shreekanchanpath.com

वर्ष- 13, अंक - 111 | भिलाई, शनिवार 5 फरवरी 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




## सीएम बघेल पंजाब व उत्तराखंड़ में दिखाएंगे दम, स्टार प्रचारकों की सूची में हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पॉपुलारिटी देश भर में बढ़ती ही जा रही है। देशभर में छत्तीसगढ़ की योजनाओं का सराहा जा रहा है। वहीं सीएम भूपेश बघेल भी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। यूपी के बाद सीएम भूपेश बघेल को पंजाब व उत्तराखंड के स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है। अब सीएम बघेल पंजाब व उत्तराखंड में भी कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करते दिखेंगे।

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी ने पंजाब व उत्तराखंड के चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी शामिल किया गया है। सीएम भूपेश बघेल को इन दोनों राज्यों में प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है। एआईसीसी ने पंजाब और उत्तराखंड के स्टर प्रचारकों की लिस्ट में 30 दिग्गज कांग्रेस नेताओं को शामिल किया है।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कद राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ गया है। भूपेश बघेल की जनकल्याणकारी योजनाओं को चारों ओर सराहना मिल रही है। पूर्व में भी सीएम बघेल कई राज्यों में स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हो चुके हैं। पंजाब व उत्तराखंड में प्रचार के लिए सीएम भूपेश बघेल के साथ एआईसीसी की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा, मनमोहन सिंह, पंजाब के मुख्यमंत्री चन्नी सहित कई दिग्गजों के नाम हैं।

बता दें पंजाब में एक फेज में विधानसभा चुनाव होंगे। यहां 14 फरवरी को मतदान होगा। 2017 के विधानसभा चुनाव में यहां कैप्टन अमरिंदर सिंह की अगुआई में कांग्रेस ने सरकार बनाई थी। यहां पर कांग्रेस ने भाजपा व अकाली दल की सरकार को बेदखल किया था।

इसी प्रकार उत्तराखंड में भी 14 फरवरी को एक फेज में चुनाव होगा। यहां पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को जीत मिली थी। उसे 70 सीटों में से 57 सीटें मिली थीं। वहीं इस बार कांग्रेस पार्टी ने यहां पूरा दम लगा दिया है। स्टार प्रचारक यहां चुनाव में प्रचार का जिम्मा संभालेंगे।

किराये से देना है
15x20 डबल स्टोरी
दुकान किराये से देना है।
संपर्क :- 99933-16015
किराया - 8000 से 10000 मात्र
हाइवे पेट्रोल पंप के सामने
दुर्गा मंदिर के बाजू में
जनता मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

## तकनीकी गड़बड़ी के आधार पर खारिज नहीं कर सकते मुआवजे का आवेदन




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला देते हुए कहा है कि तकनीकी गड़बड़ी के आधार पर कोविड से हुई मौत पर मुआवजे के आवेदन खारिज नहीं किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव के साथ समन्वय करने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें।

जस्टिस एमआर शाह और बीवी नागरत्ना की पीठ ने राज्य सरकारों को शुक्रवार से एक सप्ताह के भीतर संबंधित राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पास नाम, पता और मृत्यु प्रमाणपत्र के साथ-साथ अनाथों के संबंध में पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि इसमें विफल रहने पर मामले को बहुत गंभीरता से लिया जाएगा, ताकि कोविड से जान गंवाने वालों के स्वजन के साथ अन्याय न हो और उन्हें अनुग्रह राशि का भुगतान किया जा सके।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि कोई तकनीकी गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित राज्यों को उन्हें त्रुटि ठीक करने का मौका दिया जाना चाहिए, क्योंकि कल्याणकारी राज्य का अंतिम लक्ष्य पीड़ितों को राहत प्रदान करना होता है। राज्यों को दावा प्राप्त होने के 10 दिन के भीतर अनुग्रह राशि का भुगतान कर देना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कोशिश उन पीड़ितों तक पहुंचने की होगी, जिन्होंने किसी भी कारण से मुआवजे के लिए अभी तक संपर्क नहीं किया है।

### दिया गया मुआवजा दान नहीं बल्कि जिम्मेदारी है

इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार की नीति की आलोचना करते हुए कहा कि सिर्फ आनलाइन आवेदन प्राप्त करने का प्रावधान सही नहीं है। कोर्ट ने ऑफलाइन किए गए आवेदनों को खारिज करने पर राज्य से सवाल भी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुआवजा राज्य द्वारा दिया गया दान नहीं, बल्कि एक राज्य की भूमिका में यह उनकी जिम्मेदारी है। और इस जिम्मेदारी से वे पीछे नहीं हट सकते।

## नक्सलियों की धमकी: तुलार पहाड़ पर सड़क बनाने को लेकर आक्रोश कहा-चमचों को देंगे कड़ी सजा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर सरकार व सरकार के चमचों को खुली चेतावनी दी है। बस्तर के मंगनार से तुलार तक बनने वाली सड़क को लेकर नक्सलियों में आक्रोश है। प्रेस नोट के जरिए नक्सलियों ने कहा है कांग्रेस सरकार के दलाल तुलार पहाड़ को बेच रहे हैं। जो कतई बर्दाश्त नहीं होगा, तुलार पहाड़ बेचने वालों को जन अदालत लगाकर कड़ी सजा दी जाएगी।

दरअसल सरकार द्वारा मंगनार से तुलार तक सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसके बीच में तुलार पहाड़ भी है जो तुलार धाम के नाम से प्रसिद्ध है। नक्सली इस पहाड़ पर सड़क बनाए जाने को लेकर नाराज हैं। नक्सलियों ने इस संबंध में शुक्रवार को प्रेस नोट जारी कर चेतावनी दी है। नक्सलियों ने कहा है कि विकास के नाम पर सरकार सड़क बना रही है जिससे लाखों पेड़ पौधे की बलि चढ़ा दी जाएगी। नक्सलियों ने यह भी कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इनके चमचे जल जंगल जमीन को खत्म करने में लगे हैं।

जारी प्रेस नोट में नक्सलियों ने कहा है कि तुलार पहाड़ बेचने व यहां सड़क बनाकर पेड़ पौधों को नुकसान पहुंचाने वाले ठेकेदार व मंगनार के पूर्व सरपंच मानकू राम, बारसूर के गद्दार जगत पुजारी व कांग्रेस की भूपेश सरकार के चमचे नेता नेताम पुजारी ने सड़क बनाने का काम शुरू किया है। नक्सलियों का आरोप है कि यह सभी अपने निजी स्वार्थ के लिए तुलार पहाड़ को पूंजीपतियों के हाथों सौंपना चाहते हैं। नक्सलियों ने यह भी कहा है कि जल जंगल जमीन हमारी है, आदिवासियों की है। सड़क बनने के बाद पुलिस यहां प्रवेश करेगी और मासूम आदिवासियों को नक्सली बताकर उनका एनकाउंटर कर देगी। नहीं नक्सलियों ने पुलिस पर यह भी आरोप लगाया है कि वे गांव में घुसकर महिलाओं से बलात्कार करते हैं। प्रेस नोट के जरिए नक्सलियों ने सरकार चमचों को कड़ी सजा देने की बात कही है।

### दंतेवाड़ा में 9 नक्सलियों ने किया सरेंडर

इधर दंतेवाड़ा जिले में लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर शुक्रवार को 9 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। नक्सलियों ने सीआरपीएफ और पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया है। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 509 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। अलग अलग थानों में आत्मसमर्पण कराया गया। भांसी थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ डीआईजी विनय सिंह, बटालियन के सीओ दिनेश चंदेल, व एसपी सिद्धार्थ तिवारी की मौजूदगी में 6 नक्सलियों ने समर्पण किया। इसके अलावा अरनपुर थाना में 3 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इन सभी नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने पर अधिकारियों ने इनका स्वागत किया है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में हिड़मा कवासी, सोमाराम मंडावी, सुनील नुप्पो, कोसाराम सोड़ी, हिड़मा माड़वी, मंगलू कुंजाम, सोमड़ी लेकाम, महेश मरकाम व कोयली ताती शामिल हैं।

## खास-खबर

### 1993 मुंबई धमाकों का आरोपी अबु बकर यूएई में गिरफ्तार, जल्द लाया जाएगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक बड़े विदेशी ऑपरेशन में भारतीय एजेंसियों ने 1993 मुंबई बम धमाकों के वांछित आतंकी अबू बकर को यूएई में गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई में हुए सीरियल बम विस्फोट की उस भीषण घटना में विभिन्न स्थानों पर हुए 12 धमाके हुए थे। इस घटना ने मुंबई को झकझोर कर रख दिया, जिसमें 257 लोग मारे गए और 713 अन्य घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक अब पकड़े गए आतंकी अबू बकर को,श्व से इंडिया लाया जाएगा। लगभग 29 वर्षों से वांटेड बकर संयुक्त अरब अमीरात से वापस लाया जाएगा। जघन्य अपराध में शामिल भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक अबू बकर पिछले 29 साल से फरार चल रहा था। गिरफ्तार आतंकवादी अबू बकर ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हथियारों और विस्फोटक प्रशिक्षण लिया था। सीरियल ब्लास्ट में इस्तेमाल किए गए आरडीएक्स को पहुंचाने और दुबई में दाऊद इब्राहिम के आवास पर हमले की साजिश और योजना बनाने में वह मुख्य साजिशकर्ता था। हमले के बाद वह संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान में रह रहा था। उसे हाल ही में भारतीय एजेंसियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर संयुक्त अरब अमीरात में गिरफ्तार किया गया था। भारतीय अधिकारी बकर को प्रत्यर्पित कर रहे हैं। भारत लाए जाने के बाद बकर को भारत के कानून का सामना करना पड़ेगा। यह देश के लिए एक बड़ी सफलता है। अबू बकर का पूरा नाम अबू बकर अब्दुल गफूर शेख है। वह दाऊद इब्राहिम के दो करीबियों मोहम्मद और मुस्तफा दोसा के साथ तस्करी में शामिल था।

## सीबीआई करेगी कवर्धा की राजमाता के भतीजे की हत्या की जांच, दर्ज की एफआईआर

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने छत्तीसगढ़ की कवर्धा रियासत (तत्कालीन) की राजमाता के भतीजे विश्वनाथ नायर की हत्या के मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। सीबीआई ने इस मामले में गुरुवार को हत्या की एक एफआईआर दर्ज की थी। पिछले साल अगस्त में कबीरधाम जिले में अपने फार्महाउस में नायर की निर्ममता से हत्या कर दी गई थी।

सीबीआई की एफआईआर के अनुसार विश्वनाथ नायर की विधवा ज्योति नायर और तीन अन्य ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में मामले की जांच सीबीआई जैसी किसी स्वतंत्र एजेंसी को देने की मांग की गई थी।

27 अगस्त 2021 को कबीरधाम जिले के पिपरिया पुलिस थाने में राम कोसाले नाम एक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर हत्या और अतिक्रमण का मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि विश्वनाथ नायर की हत्या 26 और 27 अगस्त के बीच की रात को इंदौरी में स्थित योगेश्वर राज एग्रीकल्चर फार्म हाउस में कर दी गई थी।

जांच पूरी करने के बाद पिपरिया के एसएचओ ने इस मामले में दो अलग-अलग अदालतों में दो अलग-अलग आरोपपत्र दाखिल किए थे। एक आरोपपत्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में 24 नवंबर 2021 को आरोपी प्रेम लाल सिन्हा के खिलाफ और दूसरा नाबालिग न्याय बोर्ड में चार आरोपियों के खिलाफ दाखिल किया गया था।

आरोपपत्र में लूट को हत्या का कारण बताया गया था। सीबीआई को मामले की आगे की जांच करने का निर्देश दिया गया है और मामले से संबंधित सभी रिकॉर्ड और आरोपी, पीड़ित और संदिग्धों के मोबाइल फोन के सिम विवरण को जल्द से जल्द जब्त करने और एकत्र करने के लिए कहा गया है।

## मेगा ब्लॉक: 72 घंटे के लिए 350 लोकल और 117 मेल एक्सप्रेस रद्द

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई में ट्रेन से सफर करने वालों के लिए बड़ी खबर है। मध्य रेलवे ने 72 घंटे के लिए 350 लोकल और 117 मेल एक्सप्रेस रद्द करने का फैसला लिया है। ट्रेनों की आवाजाही शुक्रवार रात 12 बजे से सोमवार मध्यरात्रि तक प्रभावी रहेगी। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। मध्य रेलवे ने अपने लोकल नेटवर्क पर ठाणे और दिवा स्टेशनों के बीच दो नई लाइनें जोड़ने के लिए ट्रेनों की आवाजाही पर रोक लगाई है।

मध्य रेलवे ने एक बयान में कहा कि यात्रियों के सुविधा और सहूलियत के लिए कुछ स्पेशल लोकल सेवाएं भी चलाई जाएंगी। इसीलिए यात्रियों को गंतव्य स्थान पर समय से पहुंचने के लिए तीन दिनों तक तकलीफ उठानी पड़ेगी। जारी की गई विज्ञप्ति में कहा गया है, केंद्रीय रेलवे ठाणे-दिवा 5वीं और 6वीं लाइनों पर कार्य के चलते 350 लोकल और 117 मेल एक्सप्रेस रद्द रहेंगी। हालांकि यात्रियों की सहूलियत के लिए कुछ स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

### कब तक रहेगा ब्लॉक

मौजूदा 5वीं एवं 6वीं लाइन, ठाणे और दिवा के बीच 4 फरवरी शुक्रवार/शनिवार की मध्य रात 12 बजे से 7 फरवरी की मध्य रात्रि तक 72 घंटे का ब्लॉक रहेगा। मौजूदा अप फास्ट लाइन पर 5 फरवरी की मध्यरात्रि से 28 घंटे का ब्लॉक रहेगा। ब्लॉक के दौरान 4 फरवरी की रात 11.10 बजे से 6 फरवरी की सुबह 4.00 बजे तक कल्याण से छूटने वाली अप मेल/एक्सप्रेस और अप फास्ट लोकल ट्रेनों को कल्याण और मुलुंड के बीच अप स्लो लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा, जबकि यह ठाणे स्टेशन पर नहीं रुकेगी।

## छत्तीसगढ़ में कोरोना के 2113 नए केस मिले, 19 की गई जान, पॉजिटिविटी रेट 5.32 प्रतिशत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना का संक्रमण धीरे-धीरे कम हो रहा है, लेकिन मौतों का आंकड़ा डराने वाला है। शुक्रवार को प्रदेश में 2,113 नए केस मिले हैं, जिसमें रायपुर में सबसे ज्यादा 342 संक्रमितों की पुष्टि हुई है। कोरोना से प्रदेश में 19 लोगों की जान भी चली गई। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर भी कम हुई है। रायपुर, दुर्ग, धमतरी व राजनांदगांव में सबसे ज्यादा केस मिले हैं। प्रदेश में अभी 18,686 सक्रिय मरीज हैं। छत्तीसगढ़ में इस महामारी से अब तक 13,914 लोगों की जान जा चुकी है।

स्वास्थ्य विभाग के राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को प्रदेश में 2,113 नए केस मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा रायपुर में 342 नए संक्रमित मिले हैं। इसके बाद दुर्ग में 198, धमतरी में 162, राजनांदगांव में 146, जशपुर में 115, बिलासपुर में 98, बेमेतरा में 96, कांकेर में 95, बस्तर में 90, सरगुजा में 86, सूरजपुर में 78, रायगढ़ में 72, कोंडागांव में 62, कबीरधाम में 57, जांजगीर-चांपा में 50 नए केस मिले हैं। प्रदेश के 13 जिलों में 1 से 50 के बीच मरीज मिले हैं। प्रदेश में अब कुल सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 18,686 पहुंच गई है।

### दुर्ग में 7, राजनांदगांव व रायपुर में 3-3 की मौत

शुक्रवार को 39 हजार 735 सैंपलों की जांच की गई। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 5.87% से घटकर 5.32% हो गई है। कोरोना संक्रमण से दुर्ग में 7, रायपुर व राजांदगांव में 3-3, बलौदबाजार व पेंड्रा-मरवाही में 2-2, बालोद व बेमेतरा में 1-1 की मौत हुई है। हॉस्पिटल से 127 लोग डिस्चार्ज हुए तो वहीं 3,362 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। राज्य नोडिल अधिकारी डॉ. सुभाष मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में पॉजिटिविटी दर कम हुई है। कोरोना के मरीज भी कम मिले हैं।

## नवजोत सिंह सिद्धू के तेवर फिर कड़े, अगर चन्नी बने सीएम चेहरा तो उठा सकते हैं बड़ा कदम

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में मुख्यमंत्री चेहरे के लिए कांग्रेस हाईकमान के सर्वे का रुख भांपते ही प्रदेश प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू के तेवर कड़े हो गए हैं। सिद्धू ने यह कहकर हाईकमान के फैसले के प्रति अपने तेवर स्पष्ट कर दिए कि 'शीर्ष पर बैठे लोग' (हाईकमान) एक कमजोर मुख्यमंत्री चाहते हैं, जो उनके इशारे पर नाचता रहे। चूंकि कांग्रेस हाईकमान छह फरवरी को अगले मुख्यमंत्री चेहरे का एलान करने जा रहा है, इस बयान के साथ सिद्धू ने चन्नी को कमजोर मुख्यमंत्री साबित होने की ओर इशारा कर पार्टी के लिए मुश्किल खड़ी करने की कोशिश तेज कर दी है।



उनका कहना है कि एक अच्छे मुख्यमंत्री का चुनाव करना केवल पंजाब के मतदाताओं के हाथ में है। सिद्धू ने शुक्रवार को अमृतसर में अपने समर्थकों के बीच कहा- 'अगर नया पंजाब बनाना है तो सीएम के हाथ में है। आपको इस बार सीएम चुनना है। ऊपर वालों को एक कमजोर सीएम चाहिए, जो उनकी धुन पर नाच सके। क्या आपको ऐसा सीएम चाहिए?' पार्टी और सियासी गलियारों में ये अटकलें तेज हो गईं हैं कि अगर हाईकमान ने चन्नी को अगला मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया तो संभव है कि सिद्धू कांग्रेस को अलविदा कह दें। ऐसे ही संकेत हाल ही में सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू ने भी दिए थे कि वे पति-पत्नी अपने पुराने प्रोफेशन में लौट सकते हैं।

दरअसल, मौजूदा समय में सिद्धू के लिए हाईकमान के फैसले के खिलाफ पार्टी के भीतर गुटबाजी को हवा दे पाना भी संभव नहीं होगा, क्योंकि पार्टी ने अधिकांश विधायकों और मंत्रियों को फिर से टिकट देकर चुनाव में उतार दिया गया है।

### कांग्रेस चन्नी के साथ खड़ी है: हरीश चौधरी

कांग्रेस के पंजाब मामलों के प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी, उसके कार्यकर्ता और पंजाब के लोग मुख्यमंत्री चन्नी के साथ खड़े हैं और विधानसभा चुनाव में चन्नी को हतोत्साहित करने का प्रयास कर रहे लोगों को मुंहतोड़ जवाब देंगे। यदि कोई भी कांग्रेस का वरिष्ठ नेता या कार्यकर्ता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ काम करता हुआ मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय

# स्थानीय को रोजगार

हरियाणा सरकार ने हार नहीं मानी है। प्रदेश सरकार ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफसुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, जिसमें निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए 75 फीसदी आरक्षण को स्थगित कर दिया था। यह कानून नवंबर में पास हुआ था और इस साल 15 जनवरी से लागू हुआ है। जब इस कानून का विधेयक विधानसभा में पेश हुआ, तभी से निजी क्षेत्र की कंपनियां और उनके संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। बाद में इन सभी ने इसे हाई कोर्ट में चुनौती दी और बृहस्पतिवार को अदालत ने इस पर रोक लगा दी थी। हरियाणा सरकार इसके अगले ही दिन जिस तरह सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई, वह बताता है कि यह मामला उसकी प्राथमिकता सूची में कितना ऊपर है। उच्च न्यायालय से रोक का फैसला आते ही राज्य के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चैटाला ने ट्वीट करके इसका इरादा उसी समय जता दिया था। दुष्यंत चैटाला की जननायक जनता पार्टी ने अपने चुनाव घोषणापत्र में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने का वादा किया था। उनकी पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार का दूसरा सबसे बड़ा घटक है।

> सुप्रीम कोर्ट में की गई अपील इसी स्थगन को खत्म कराने के लिए है। लेकिन यह उम्मीद तो की ही जानी चाहिए कि जब इस मामले में अंतिम फैसला आएगा, तो वह देश के उन अन्य राज्यों और क्षेत्रीय दलों के लिए भी नजीर बनेगा, जो स्थानीय लोगों को आरक्षण का वादा करके अपना कर्तव्य पूरा मान लेते हैं और रोजगार के मोर्चे पर ठोस काम या व्यवस्था नहीं करते।

यह पहली बार नहीं है, जब किसी राज्य में स्थानीय लोगों को इस तरह का आरक्षण देने का मामला उठा हो। ऐसी कोशिशें कई राज्यों में कई बार हुई हैं। 1995 में गुजरात सरकार ने ऐसा ही कानून बनाने की कोशिश की थी। महाराष्ट्र में शिव सेना के घोषणापत्र में भी रोजगार में स्थानीय लोगों को ही प्राथमिकता देने की बात होती रही है और वहां भी ऐसा कानून बनाने की कोशिशें हुई हैं। क्षेत्रीय दलों के लिए यह एक आसान राजनीतिक फॉर्मूला है। उन्हें लगता है कि स्थानीय लोगों को रोजगार देने की बात करके वे जनमत अपने पक्ष में करने में कामयाब हो जाएंगे। पर निजी क्षेत्र हमेशा ही ऐसी किसी भी पाबंदी का विरोध करता रहा है। किसे काम पर रखना है और किसे नहीं, इसे लेकर निजी उद्योग पूरी स्वतंत्रता चाहते हैं। इसमें सरकारी पाबंदियां उनके लिए कई तरह की परेशानियां खड़ी करती हैं। हालांकि, आमतौर पर निजी क्षेत्र की पहली प्राथमिकता स्थानीय लोग ही होते हैं, क्योंकि उसके लिए भी यह सुविधाजनक होता है। लेकिन उनका पहला मकसद यह होता है कि अधिक से अधिक ऐसे लोगों को रखा जाए, जो उसके काम के अनुकूल अधिकतम कुशलता रखते हैं। ऐसे पदों पर स्थानीयता ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं होती। यह सच है कि हरियाणा इस समय देश के उन राज्यों में से एक है, जहां बेरोजगारी दर सबसे ज्यादा है। लेकिन इसे दूर करने का सबसे अच्छा तरीका क्या निजी क्षेत्र में आरक्षण ही है? अगर शिक्षा और कौशल विकास पर ध्यान दिया जाए, तो हरियाणा के बच्चों के लिए अपने राज्य में ही नहीं, दूसरे प्रदेशों में भी रोजगार के बहुत सारे रास्ते खुल सकते हैं। अभी पता नहीं कि अदालतों में यह मामला कहां तक जाएगा। उच्च न्यायालय ने भी सिर्फस्थगन ही दिया है, वहां से कोई अंतिम फैसला नहीं आया है। सुप्रीम कोर्ट में की गई अपील इसी स्थगन को खत्म कराने के लिए है। लेकिन यह उम्मीद तो की ही जानी चाहिए कि जब इस मामले में अंतिम फैसला आएगा, तो वह देश के उन अन्य राज्यों और क्षेत्रीय दलों के लिए भी नजीर बनेगा, जो स्थानीय लोगों को आरक्षण का वादा करके अपना कर्तव्य पूरा मान लेते हैं और रोजगार के मोर्चे पर ठोस काम या व्यवस्था नहीं करते।

> अलबत्ता, पाकिस्तान में जब-जब सैन्य शासक आए हैं, भारत के साथ उसके रिश्ते सुधरे ही हैं। हां, चीन का दखल अगर वहां बढ़ता है, तो एकमात्र खतरा वही हो सकता है, जिसका अंदेशा भारतीय थलसेना प्रमुख ने जाहिर किया है। वह मानते हैं कि अगर तनाव बढ़ा, तो अब चीन और पाकिस्तान, दोनों मोर्चों पर हमें एक साथ लड़ना होगा। मगर फिलहाल इसके संकेत नहीं हैं।

राजीव डोगरा, पूर्व राजदूत

# चीन के चंगुल में पाकिस्तान



भारत में इन दिनों पाकिस्तान और चीन की दोस्ती की खूब चर्चा है। संसद के भीतर और बाहर, सभी जगह इस पर बातें हो रही हैं। इन दोनों देशों में हमेशा से ऐसी मित्रता नहीं थी, बल्कि शुरू-शुरू में तो उनमें खासा मनमुटाव था। इस बात के संकेत दो घटनाओं से मिलते हैं। पहली घटना 1950 के दशक की है, जब पाकिस्तान दक्षिण-पूर्व एशिया संधि संगठन (सिएटो) और केंद्रीय संधि संगठन (सेंटो) का सदस्य बना, जबकि ये दोनों संगठन कम्युनिस्ट शासन के खिलाफ थे, यानी चीन और रूस (तब सोवियत संघ) के खिलाफ। इसी तरह, एक अन्य घटनाक्रम में, जो उसी दशक का है, पाकिस्तान ने तिब्बती विद्रोहियों की मदद करने के लिए अमेरिका को अपना एयरबेस इस्तेमाल करने दिया था। तिब्बती अपनी आजादी के लिए चीन से लड़ रहे थे। जाहिर है, उस दौर में चीन पाकिस्तान को संदेह की नजरों से देखता था, क्योंकि उसके मुताबिक वह अमेरिकी खेमे में था।

हालांकि, इस मित्रता की चर्चा करते हुए हम हाल-फिलहाल के इतिहास को भी भूल जाते हैं। कारगिल युद्ध के समय चीन ने पाकिस्तान से नियंत्रण रेखा का सम्मान करने को कहा था। अगर कुछ और पीछे जाएं, तो 1988 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सफल चीन यात्रा में ही वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति बनाने को लेकर सहमति बनी थी, जो कम से कम 2013 तक तो चली। तब यह भी समझौता हुआ था कि एलएसी के तनाव को दरकिनार करते हुए दोनों देश द्विपक्षीय रिश्ते को आगे बढ़ाएंगे। तब आखिर चीन और पाकिस्तान इतने करीब कैसे आए? दरअसल, 1971 में अमेरिका के तत्कालीन विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर ने पाकिस्तान का दौरा किया और वहां से वह बीजिंग गए थे, इसके अगले ही साल अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन का चीन दौरा हुआ। इसके दो संकेत मिले। पहला, पाकिस्तान को लगा कि अगर चीन के साथ उसके रिश्ते मजबूत होते हैं, तो अमेरिका को कोई ऐतराज नहीं होगा। और दूसरा, चीन को महसूस हुआ कि पाकिस्तान की मध्यस्थता से वाशिंगटन उसके करीब आया है और उसके यहां विदेशी निवेश की राह खुली है। फिर भी, चीन-पाकिस्तान इतने मित्रवत नहीं हैं, जितनी चर्चा हो रही है। यदि दोनों के दिल एक होते, तो पाकिस्तान को बीजिंग से कई अन्य राहतें मिल सकती थीं। जैसे, दो साल पहले तक फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ द्वारा 'ग्रे सूची' में डाले जाने के खिलाफ जब पाकिस्तान हाथ-पांव मार रहा था, तब एफएटीएफ का अध्यक्ष चीन ही था। उसने उसके प्रति कोई दरियादिली नहीं दिखाई। इसी तरह, 2020 के आखिर में विदेशी मुद्रा भंडार की कमी के कारण जब पाकिस्तान को कर्जमाफी नहीं मिल रही थी, तब वह चीन की ओर मुड़ा था, पर वहां से भी उसे टका सा जवाब मिला।

साफ है, इस्लामाबाद के साथ दोस्ती में चीन अपना स्वार्थ देखता है। यही वजह है कि पाकिस्तान के जिन गिने-चुने थर्मल पावर प्लांट में उसने निवेश किए हैं, उसमें एक शर्त यह भी है कि इन संयंत्रों से 18 फीसदी मुनाफा चीन को मिलेगा, बेशक इनसे पाकिस्तान को नाममात्र की कमाई हो। यही नहीं, 2013 में आर्थिक गलियारे-सीपीईसी में चीन ने 60 अरब डॉलर निवेश का वादा किया था, पर अभी तक उसने 25 अरब डॉलर की रकम ही जारी की है, जिससे सड़कें और बिजली संयंत्र बने हैं। मगर इसका कोई खास फायदा पाकिस्तान को नहीं होने वाला, क्योंकि इन संयंत्रों से पैदा होने वाली बिजली व्यावसायिक उपयोग में नहीं लाई जाएगी और सड़कों का लाभ तभी मिलता है, जब आसपास उद्योग हों, और पाकिस्तान में इनका अभाव है। इसलिए यह कहना ज्यादा मुनासिब होगा कि पाकिस्तान अपनी गलतियों और नासमझी से चीनी कर्ज के जाल में फंसता जा रहा है।

स्थिति यह है कि साल 2013 में पाकिस्तान पर कुल वैश्विक कर्ज 44 अरब डॉलर था, जिसमें करीब चार अरब डॉलर (नौ प्रतिशत) चीन का कर्ज था। साल 2021 तक उसका कुल वैश्विक कर्ज 90 अरब डॉलर हो गया है, जिसमें अकेले चीन का हिस्सा करीब 24 अरब डॉलर, यानी 27 फीसदी है। जाहिर है, जब कोई देश कर्ज देता है, तब वह अपने हिसाब से अंकुश भी लगाता है। चीन भी पाकिस्तान पर हावी होने की कोशिश कर रहा है। मुश्किल यह है कि प्रधानमंत्री इमरान खान बड़बोलेपन के शिकार हैं। वह इस वादे के साथ सत्ता में आए थे कि पाकिस्तान दुनिया के आगे हाथ नहीं फैलाएगा। मगर साल 2018 में बहुत चिरौरीकरने पर उन्हें सऊदी अरब से तीन अरब डॉलर का अल्पकालिक कर्ज मिला, और जब इसे चुकाने की बारी आई, तब वह चीन के दरवाजे जा पहुंचे। इसके तीन साल बाद, 2021 में उन्होंने पाकिस्तान की खराब आर्थिक सेहत का सार्वजनिक रोना रोया। ऐसे बयानों से विदेशी निवेशक हतोत्साहित होते हैं। फिर, कर्ज देने वाले देश को यदि आपकी माली हालत का पता चल जाए, तो वह धन देने से पहले कई तरह के फायदे उठाने की कोशिश करता है। पाकिस्तान के साथ यही हो रहा है। इमरान खान इस समय चीन के दौरे पर हैं और पाकिस्तानी मीडिया का अनुमान है कि वह वहां छह अरब डॉलर का कर्ज लेने गए हैं, क्योंकि मुल्क का विदेशी मुद्रा भंडार अब इतना ही बचा है कि तीन महीने की जरूरतें पूरी हो सकें। उधर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने इसे हर हाल में 21 अरब डॉलर करने को कहा है।

पाकिस्तान का यह आर्थिक जंजाल सीधे तौर पर भारत को लाभ नहीं पहुंचाएगा। उसकी अर्थव्यवस्था बेशक डूब जाए, लेकिन उसका रुख शायद ही बदलेगा। अस्थिरता तो उसका बुनियादी चरित्र है। आलम यह है कि वहां कभी भी फौजी जनरल प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति की कुरसी पर काबिज हो जाता है। अगर तख्तापलट सीधे तौर पर न हो सके, तो फौजी जनरल परदे के पीछे से शासन चलाते हैं, जैसे अभी इमरान खान को मुखौटा बनाकर वे कर रहे हैं। अलबत्ता, पाकिस्तान में जब-जब सैन्य शासक आए हैं, भारत के साथ उसके रिश्ते सुधरे ही हैं। हां, चीन का दखल अगर वहां बढ़ता है, तो एकमात्र खतरा वही हो सकता है, जिसका अंदेशा भारतीय थलसेना प्रमुख ने जाहिर किया है। वह मानते हैं कि अगर तनाव बढ़ा, तो अब चीन और पाकिस्तान, दोनों मोर्चों पर हमें एक साथ लड़ना होगा। मगर फिलहाल इसके संकेत नहीं हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

नीरजा माधव, साहित्यकार

# अभी अभी ही तो आया है मेरे वन में मृदुल वसंत



हम उस सनातन संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं, जहां केवल व्यक्ति व्यक्ति को स्नेह नहीं करता, बल्कि प्रकृति को भी उतना ही प्यार करता है। सूर्य, चंद्रमा, नक्षत्र, पशु-पक्षी, वनस्पति, सब हमारे आत्मीय हैं। हम प्रकृति के सौंदर्य और अदृश्य दैवीय शक्तियों के साथ अपने हृदय के उल्लास को बांटने का उत्सव मनाते हैं। वसंत ऐसी ही एक ऋतु है। प्रकृति के सौंदर्य के विस्तार की ऋतु। माघ शुक्ल पंचमी को श्री के नूपुर और सरस्वती की वीणा की रुनझुन से वसंत के आने की आहट मिलने लगती है। इसलिए यह पंचमी श्रीपंचमी भी है। संपूर्ण कलाओं, काव्य और संगीत के दिव्य सौंदर्य की देवी सरस्वती की उपासना का दिन है यह पंचमी।

ज्ञान और कला की देवी सरस्वती के अभिनंदन में पूरी धरती पर वसंत छा जाता है। उसके आनंद का प्रस्फुटन ही वर्ष के इस कालखंड को ऋतुराज बना देता है, और जब यह राजा आने को होता है, तब उसके आगमन की दुंदुभि पहले ही बज जाती है- कोयल नटी इठलाकर कूक पड़ी, आमों में बौर दिखाई पड़ने लगे, सरसों फूल उठी, पलाश दहक गए, तो कुछ वृक्ष लाज-हया छोड़कर निपात हो गए। एक जापानी कवि ने पता नहीं पलाश का दहकना देखा था या नहीं, पर उसकी कविता की पंक्तियों का भाव किसी भी चित्त को वासंती कर देने के लिए पर्याप्त हैं। कवि कहता है- कोई मेरे हाथों में एक लिफाफा पकड़ा गया है, जिसमें संदेश है, आने वाली पूनम की रात, पहाड़ियां दहक उठेंगी। यह दहकना ही वसंत है।

मैं उन देशों की बात नहीं करती, जहां शून्य से नीचे तापमान होने के कारण इन दिनों पेड़ों पर बर्फसे लदे रुई से फूल दिखाई देते हैं। मैं तो अपने देश की बात कर रही हूं, जहां कई ऋतुएं क्रम से अंगड़ाई लेती हैं। प्राचीन भारत में यह वसंतोत्सव काम पूजा का उत्सव भी था। काम यानी इच्छा। किसी एक व्यक्ति की इच्छा नहीं, पूरे वातावरण की इच्छा के प्रस्फुटन का उत्सव है वसंतोत्सव। फूलों के खिलखिला उठने की इच्छा, नीम के वृक्षों में नन्ही कैरियों के लग जाने की इच्छा, पलाश में लाल-लाल फूल आ जाने या आम के बौरा जाने की इच्छा। लेकिन आज इच्छाओं का इंद्रजाल कुछ ऐसा फैला है कि पूरा जगत ही प्रपंच बन बैठा है। मनुष्य ने प्रकृति के सौंदर्य से अपनी आंखें फेर ली हैं। बारूदी ढेर पर बैठा वह फूलों, पेड़ों की जगह अपने चारों तरफ ज्यादा से ज्यादा कंक्रीट के जंगल उगाने लगा है। धरती को पॉलीथिन जैसी चीजों से पाटने के अर्थचक्र में उलझ गया है, और ऐसा उलझा है कि वसंत किताबों के पन्नों में दुबक गया है। पुष्पधन्वा गमलों में उगे कैक्टस के फूलों में अपना अस्तित्व तलाशने लगा है। मैं किसी मित्र की तरह किताबों के पन्नों से चुपके-चुपके दो-चार वसंत के रंग निकालती हूं और पुष्पधन्वा (कामदेव) के हाथों में पकड़ा आती हूं- किसलय-वसना नव-वय लतिका/ मिली मधुर प्रिय उर तरु-पतिका/ मधुप-वृंद-बंदी/ पिक स्वर नभ सरसाया/ सखि वसंत आया। और सोचती हूं कि पुष्पधन्वा शायद निराला की तरह बोल पड़े- अभी न होगा मेरा अंत/ अभी अभी ही तो आया है/ मेरे वन में मृदुल वसंत/ पर उसकी चुप्पी मुझे सालती है।


अर्थ के प्रपंच ने लोगों को इतना मोहाविष्ट कर लिया है कि अपने दरवाजे के बाहर वे नीम, आंवला या कोई अन्य छतनार वृक्ष न लगाकर ऊंचे-ऊंचे टावर लगाने की अनुमति दे रहे हैं। कहीं पढ़ा कि इन टावरों से निकलने वाली तरंगें तितलियों, मधुमक्खियों या गौरैयों के अस्तित्व के लिए खतरा बन चुकी हैं। कई बार अपने लॉन में फूलों पर मंडराने वाली रंगबिरंगी तितलियों को अकारण ही जमीन पर गिरकर तड़पते देखा, तो पड़ोस में खड़े टावरों की ओर मेरा भी ध्यान गया। वसंत की यह विह्वलता हम सबकी विह्वलता है।

प्रकृति के रंगों का सूखना हमारे जीवन रस का सूखना है। वसंत है, तो धरती पर जीवन है। वसंत पंचमी है, तो धरती पर विविध कलाएं हैं, संगीत है, ज्ञान है। ज्ञान है, तो हम यह समझ सकने में सक्षम हो सकते हैं कि बेरंग होती धरती के लिए हमारा उत्तरदायित्व क्या है? यह सुखद है कि लोगों का ध्यान बेरंग होती धरती के शृंगार की ओर गया है। पर्यावरण की रक्षा के लिए लोग सचेत हुए हैं। आइए, हम भी कुरूप मशीनी प्रपंच को छोड़ चलते हैं वसंत के पीछे-पीछे।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

## श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





खुद को दूर कर
अपनों से चैन कहां
मिलता है? बोझ बना
जीवन फिर जीवन
का उपयोग क्या रहा
जाता है।?

-अंजली जैन
7024460938




स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239



























श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### कलेक्टर ने किया जिले के लोलेसरा, कन्तेली एवं देवरबीजा धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण

**बेमेतरा।** कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने आज जिले के ग्राम लोलेसरा, कन्तेली एवं देवरबीजा के धान उपार्जन केन्द्र मे किसानों से समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होने धान विक्रय करने पहुंचे किसानों से आत्मीय बातचीत की और समिति में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी तथा समिति प्रबंधकों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी राजेश जायसवाल सहित उपार्जन केन्द्र के कर्मचारी उपस्थित थे।

### जनदर्शन का दिखने लगा धरातल पर प्रभाव, पीड़ित पक्ष को मिल रहा न्याय

**कोरबा।** मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आम जनता की समस्याओं को सुनकर त्वरित निराकरण करने हेतु सभी जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों को जनदर्शन लगाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देश के पालन में पुलिस अधीक्षक कोरबा राम पटेल द्वारा प्रति मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनदर्शन लगाकर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रभाव के कारण वर्तमान में वर्चुअल जनदर्शन शुरू किया गया है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा मोबाइल नम्बर 9479279973 जारी किया गया है जिसपर कॉल कर एवम व्हाट्सअप के माध्यम से पीड़ित पक्ष अपनी समस्यांए बतातें है जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यवाही कराया जा रहा है। जनदर्शन का अब धरातल पर भी असर दिखने लगा है ,पीड़ित पक्ष को न्याय मिल रहा है । जनदर्शन के दौरान अनुसूईया साहू नामक महिला ने शिकायत दर्ज कराया था कि अनुसूईया साहू के पति ने अपने जीवन काल में एमपी नगर कोरबा में स्थित 02 मकान खरीदने हेतु के0के0दुबे एवं रुकमणी दुबे से सौदा किया था। किंतु पति की मृत्यु हो जाने के कारण मकान को नहीं खरीद सके , मकान खरीदी के एवज में लगभग 15 लाख रुपए एडवांस में दुबे परिवार को दिए गए थे, जिसे दुबे परिवार वापस नहीं कर रहा है।

# राशन उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता-मंत्री अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

### केबिनेट मंत्री अकबर ने बोड़ला जनपद पंचायत के 521 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया

### परिवार के अलग हुए परिवारों को मिला राशन कार्ड, हितग्राहियों के चेहरे में आई मुस्कान




कवर्धा। कबीरधाम जिले के बोड़ला जनपद पंचायत के सैकड़ों ऐसे परिवारों के चेहरे में उस समय खुशियां देखने को मिली जब उनके परिवार के सभी सदस्यों के लिए राशन की समस्या और परेशानियों का ठोस समाधान मिल गया।

वहीं ग्राम खडोदाकला के हितग्राही श्रीमती सरस्वती बाई नए राशन कार्ड पाकर खुशी जाहिर की। उन्होने कहा कि अब मेरे परिवार के लिए राशन की चिंता दूर हो गई है। इसके लिए उन्होने केबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के प्रति अभार भी जताया। दरअसल यह सभी वर्तमान परिस्थितियों में अपने परिवार से अलग हुए है। पहले इन सभी को सामूहिक रूप से इस योजना का लाभ मिल रहा था। बोड़ला जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत खड़ोदाकला के 11, सिलहटी के 15, भरेली के 16, कुसुमघटा के 19, भीरा के 19, मिनमिनया मैदान के 20, बैराख के 21, नेउरगाव खुर्द के 21, बघरा के 22, खड्सरा के 22, लेन्जाखार के 31, बैहरसरी के 34, बोल्दकला के 40, हरिनछपरा के 43, पोड़ी के 51, भलपहरी के 65 और ग्राम राजानवागांव के 71 हितग्राहियों कुल 521 नए परिवारों को इस योजना से जोड़ते हुए आज नया राशन कार्ड वितरण किया गया।

वन,परिवहन,आवास, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने आज बोड़ला जनपद में इन सभी परिवारों को राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजना सार्वभौम पीडीएस योजना से जोड़ते हुए राशन कार्ड वितरण किया। उन्होने कहा कि सौर्वभौम पीडीएस राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हमारी सरकार ने वादा निभाते हुए पहले ही वर्ष में राज्य के सभी परिवारों को इस योजना का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

अब वर्तमान परिस्थितियों में फ़िर से नए राशन कार्ड बनाने की मांग की जा रही है। विवाह के बाद अपने परिवार से अलग हो गए है और वे अपने परिवार के लिए अलग से राशन की व्यवस्था करना चाहते है, तो ऐसे परिवारों की चिंता हमें करना चाहिए। उन्होने कहा कि राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार पात्र सभी आवेदकों को इस योजना से जोड़ा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर को कबीरधाम जिले के क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान नागरिकों द्वारा नए राशन कार्ड की मांग के संबंध में अधिकांश आवेदन आवेदन प्राप्त होते थे। उन्होने सभी आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री शर्मा को सभी आवेदनों की जांच करने तथा सत्यापन करने के निर्देश दिए। सत्यापन में यह बात सामने आई की इनमें से अधिकाशं आवेदक विवाह के बाद वर्तमान परिस्थितियों में अपने परिवार से अलग हो गए है और वह अपने परिवार के लिए सदस्यों के लिए खाद्यान्न की समस्या का ठोस समाधान करने चाहते थे। कैबिनेट मंत्री अकबर ने परिवार से अलग हुए परिवारों के राशन की समस्या के लिए ठोस समाधान की पहल की। इस संबंध में ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों के माध्यम से आवेदन लिए गए। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा था कि सौर्वभौम पीडीएस राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है। प्रदेश के सभी पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ मिलना चाहिए।

सभी आवेदनों का परीक्षण एवं सत्यापन कराएं और प्रात्र हितग्राहियों को इस योजना के अनुरूप जोड़ते हुए लाभ दें। राशन कार्ड वितरण के अवसर पर नीलकंठ चंद्रवंशी, पीताम्बर वर्मा,विजय राजपूत, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, वन मंडलाधिकारी चूणामणि सिंह, बोड़ला एसडीएम, जिला खाद्य अधिकारी अरुण मेश्राम, जनपद सीईओ केसव वर्मा, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# बीएनसी मिल बंद होने के लिए रमन सरकार जिम्मेदार : देशमुख

श्रीकंचनपथ न्यूज



राजनांदगांव।शहर की महापौर एवं प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष हेमा सुदेश देशमुख ने भाजपाइयों द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन और पुतला दहन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा नेताओं को पहले यह जान लेना चाहिए कि बीएनसी मिल बंद होने के दौरान केन्द्र में अटल बिहारी बाजपेयी की भाजपा सरकार थी।

उन्हीं के कार्यकाल में बीएनसी मिल बंद कराई गई और जब छत्तीसगढ़ में रमन सिंह की भाजपा सरकार काबिज हुई, तब बीएनसी मिल के कल पुर्जों के साथ-साथ करोड़ों की कीमती जमीन को भी नीलाम कर दिया गया।

कांग्रेस नेत्री देशमुख ने कहा कि दरअसल यह भाजपा नेताओं का संस्कार ही है कि वे गलती तो खुद करते हैं, लेकिन दोष हमेशा दूसरों को देते हैं। बीएनसी मिल जो अब पूर्णत: अपना अस्तित्व खो चुकी है, जिसके जिम्मेदार तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह हैं और केन्द्र में अभी भी भाजपा की सरकार है,

इसलिए भाजपाइयों को चाहिए कि वे अपनी नाकामियों को छुपाने का कुत्सित प्रयास छोडक़र मोदी सरकार से राजनांदगांव में बीएनसी मिल की तरह कोई नया उद्योग-धंधा खोलने की मांग करने की हिम्मत दिखाएं, ताकि जनता को भी पता चल सके कि भाजपाई सचमुच गरीब, बेरोजगारों के कितने हितैषी हैं?

भाजपा शासन में मिल के कल-पुर्जे और जमीन भी नीलाम हो गई

महापौर देशमुख ने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ में जब स्व. अजीत जोगी की कांग्रेस सरकार थी, तब केन्द्र में अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार में डॉ. रमन सिंह केन्द्रीय उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री थे। उस दौरान बीएनसी मिल का करोड़ों रूपयों का बिजली बिल बकाया था, जिसे माफकरने के लिए श्री जोगी ने केन्द्र की अटल सरकार से गुहार लगाई थी। जोगी जी ने स्पष्ट रूप से कहा था कि बीएनसी मिल राजनांदगांव जिले की शान और पूरे छत्तीसगढ़ की पहचान है, इसलिए यदि केन्द्र की सरकार मिल का बिजली बिल माफ कर देती है तो हम मिल को कर्ज लेकर चलायेंगे, ताकि राजनांदगांव जिले की शान बराकरार रहे और मिल में काम करने वाले परिवार बेरोजगार न हों। किंतु तत्कालीन केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री रहे डॉ. रमन सिंह के कानों में जूं तक नहीं रेंगी और मिल को चालू रखने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया।

आखिरकार बीएनसी मिल बंद हो गई और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनने के बाद डॉ. रमन सिंह ने बीएनसी मिल के कल पुर्जों के साथ-साथ मिल की करोड़ों की कीमती जमीन को भी नीलाम कर दिया। इस तरह भाजपा सरकार के राज में ही बीएनसी मिल का अंत हो गया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका भर्तीः दावा-आपत्ति सात से आमंत्रित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा शहरी क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की भर्ती के लिए मंगाये गये आवेदन पर दावा-आपत्ति सात फ़रवरी से आमंत्रित किया गया है। दावा-आपत्ति 16 फ़रवरी 2022 तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (शहरी) के निगम क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 06 एवं सहायिका के 12 रिक्त पदों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। आवेदनों के जांच एवं परीक्षण उपरांत अनन्तिम मूल्यांकन पत्रक जारी कर दिये गये हैं। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा शहरी ने बताया कि मूल्यांकन पत्रक पर दावा आपत्तियां आमंत्रित की गई है । इच्छुक आवेदिकाएं कार्यालयीन दिवस पर प्रात: 10:00 से 5:30 बजे तक परियोजना कार्यालय में अपनी दावा आपत्तियां जमा कर सकते है। मूल्यांकन पत्रक परियोजना कार्यालय तथा नगर निगम के सूचना पटल पर देखे जा सकते है। इसके अतिरिक्त समस्त आवेदिकाओं तक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए संबंधित वार्ड के पार्षदगणों को एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में भी मूल्यांकन पत्रक उपलब्ध कराये गये हैं।

### चिखला को मिला 26 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात सहित 03 लाख रुपए की स्वीकृति

# चिखला के नवीन ग्राम पंचायत भवन का हुआ लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

बेमेतरा। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चिखला में आयोजित लोकार्पण समारोह में मुख्यअतिथि मान. आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा हुए शामिल। एसर्वप्रथम विधायक श्री आशीष छाबड़ा जी ने शा.प्रा.शाला भवन में स्मार्ट क्लास शुभारम सहित नवीन पंचायत भवन निर्माण 14.50 लाख, जैतखाम सौंदर्यीकरण कार्य 02 लाख, सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य 10 लाख रुपए का विधिविधान से पूजा पाठ कर फीता काट लोकार्पण किये.. साथ ही ग्रामवासियो के मांग अनुरूप शीतला माता मंदिर जीर्णोद्धार हेतु 03 लाख रुपए की घोषणा



इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि आज बड़ा हर्ष का विषय है,ग्राम चिखला में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह का आयोजन रखा गया है,आज विकास की क्षेत्र में चीखला एक कदम और आगे बढ़ा है, आज का दिन चिखला के लिए स्वर्णिम दिन है,आप सभी ग्रामवासियो की वर्षो पूरानी मांग सुरुजपुरा से चिखला को अलग कर स्वतंत्र पँचायत बनाने की मांग थी, ग्राम चिखला स्वतंत्र पँचायत का दर्जा मिल चुका है पूर्ण रूप से ग्राम पंचायत बन गया है और उससे ज्यादा खुशी की बात स्वत्रंत पँचायत का स्वत्रंत पँचायत भवन बनकर तैयार है जिसका हम सभी ने आज मिलकर लोकार्पण किये है,स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनने के बाद ग्राम के विकास में तेजी आएगी नवीन पंचायत भवन बनने से शासकीय कार्यों में तेजी आएगी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के कार्य किए जा रहे हैं,प्रदेश की सरकार किसान हितैषी है प्रदेश में 2500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जा रही है,किसानों साथियों का कर्जा माफकिया गया। बिजली बिल हाफकर राहत दी गई। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से इस साल किसानों को समर्थन मूल्य के अंतर राशि का भुगतान भी किया जा रहा है, सरकार किसानों सहित आम नागरिकों की भलाई के लिए कार्य कर रही है, कल रायपुर में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने प्रदेश के महत्वकाक्षी योजना राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना एवं छत्तीसगढ़ राजीव युवा मितान योजना का शुभारम कर किए,छत्तीसगढ़ राजीव युवा मितान क्लब योजना का उद्देश्य राज्य की युवा प्रतिभाओं को तराशना, उन्हें संगठित करते हुए उपयुक्त मंच प्रदान करना तथा उनकी ऊर्जा का उपयोग नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में करना है।इसमें प्रदेश सरकार ने 15 से 40 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं के लिए नए क्लब के गठन और क्लब की गतिविधियों के संचालन के लिए प्रत्येक तीन माह में 25,000 रूपये खर्च किए जाएंगे मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के युवा भारत के सपने को साकार करने इस योजना शुरुआत की है।

# अस्पताल पहुंचकर छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम रमन सिंह ने लगवाया कोरोना बूस्टर डोज

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कोरोना वायरस के बढ़ते मामले से हड़कंप मचा हुआ है जिससे बचाव के लिए लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है। वहीं वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने के 9 माह बाद 60 वर्ष से ऊपर के लोगों बूस्टर डोज लगाई जा रही है।



कोरोना के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह और उनकी पत्नी वीणा सिंह ने मेकाहारा अस्पताल पहुंचकर वैक्सीन की बूस्टर डोज ली। वहीं बूस्टर डोज लेने के बाद डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लगवाने के 9 माह बाद बूस्टर डोज लगवाने आया हूं। बूस्टर डोज 60 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए सुरक्षा कवच साबित हो रही है। इसे आने वाले समय में सभी को लगाया जाएगा। आज परिवार सहित आकर हमने बूस्टर डोज लगवाया है। इसका अच्छा असर देश में दिखा है।

जिन भी लोगों ने दोनों डोज लगवाने के बाद बूस्टर डोज लगवाई है उन्हें कोरोना संक्रमण का बहुत कम खतरा हुआ है।

### सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत को मिलेगा पुरस्कार

**कोरबा।** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर कोरबा जिले के सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत को पुरस्कृत किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतों का चयन जिला पंचायत के मापदंडों के आधार पर किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले ग्राम पंचायतों को 7 फ़रवरी तक गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन करना होगा। केवल पंजीकृत ग्राम पंचायतों को ही सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत पुरस्कार के लिए चयन प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कंवर ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत के लिए चयन प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की जाएगी।


















## खास खबर

### छत्तीसगढ़ फिल्म नीति 2021 राजपत्र में प्रकाशित

रायपुर। छत्तीसगढ़ फिल्म नीति 2021 का प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ फिल्म पॉलिसी लागू होने से प्रदेश में फिल्म उद्योग से जुड़े हजारों कलाकरों, टेक्निशियनों और निर्माता-निर्देशकों सहित स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिलेगा। योजना के तहत अलग-अलग श्रेणियों में अनुदान का प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में नई फिल्म-नीति 2021 तैयार किया गया है। इस फिल्म नीति के तहत फीचर फिल्म, वेब सीरिज, टीवी सीरियल्स और रियाल्टी शो तथा डाक्यूमेंट्री फिल्म के निर्माण, फिल्मांकन के लिए सुविधा व प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। इससे फिल्म के क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगी। छत्तीसगढ़ फिल्म नीति 2021 को लागू करने का प्रमुख उद्देश्य छत्तीसगढ़ में फिल्म अनुकूल राज्य बनाना और राज्य में फिल्म उद्योग के माध्यम से प्रदेश की संस्कृति एवं पर्यटन को राष्ट्रीय पहचान देना तथा यहां स्थानीय लोगों के लिए ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

### कैंसर के इलाज की उपलब्धता में मौजूद अंतर को पाटने की जरूरत - अनिल अग्रवाल

**रायपुर।** मैं एक ऐसा समाज चाहता हूं जहां हर कोई कैंसर मुक्त रहे। एक ऐसा समाज जहां बच्चों को माता-पिता के बिना बड़ा नहीं होना पड़े, प्रियजनों को खोना नहीं पड़े और लोग अपना पूरा जीवन जी सकें। यह कहना है वेदांता रिसोर्सेस के चेयरमेन अनिल अग्रवाल का । विश्व कैंसर दिवस 2022 (डब्ल्यूसीडी) के मौके पर हम अभी भी इस सपने को एक वास्तविकता बना पाने से दूर हैं। नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, हर नौ भारतीयों में से एक अपने जीवन में एक बार इस जानलेवा बीमारी से पीड़ित हो सकता है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि भारत में 2020 में कैंसर के 13,92,179 नए मामले सामने आए थे। अगर हम देश में कैंसर की जांच एवं इलाज केंद्रों की उपलब्धता पर विचार करें तो अभी भी हमें बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। हमारे अधिकांश कैंसर केयर अस्पताल और स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं और टीयर-1 शहरों में केंद्रित हैं। कैंसर को लेकर सामान्य जागरूकता की कमी और कैंसर का महंगा इलाज इस स्थिति को और भी जटिल बना देते हैं, जिस कारण से उच्च आय वाले देशों की तुलना में भारत में कैंसर से मृत्यु दर का अनुपात बहुत अधिक है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर काम करना और निजी एवं गैर-लाभकारी संगठनों को इस दिशा में पहल के लिए प्रोत्साहित करना समय की मांग है। ऐसा ही एक उदाहरण रायपुर, छत्तीसगढ़ में हमारा नॉन प्रॉफिट केयर सेंटरबाल्को मेडिकल सेंटर (बीएमसी) है, जो सरकार के साथ साझेदारी में चलता है और यहां 1,01,008 से अधिक मरीजों का इलाज हुआ है।

# जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में आम जन को लुभा रहा छत्तीसगढ़ मॉडल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ मॉडल की परिकल्पना को गढ़ते हुए राज्य सरकार द्वारा विगत 3 वर्षों में किए गए जनकल्याणकारी कार्यों की उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी लोगों को काफी लुभा रही है। इसके अलावा कला-जत्था दल द्वारा शासन की योजनाओं को कला के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। यह प्रदर्शनी जनसंपर्क विभाग द्वारा राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित की गई है। प्रदर्शनी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेने के लिए सुबह से शाम तक स्कूली बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंच रहा है। विभाग द्वारा बनाई गई आदिवासी वेशभूषा का सेल्फी जोन लोगों को अधिक आकर्षित कर रही है।




फोटो प्रदर्शनी देखने आए आईटीआई के छात्र नंदकुमार निषाद, देवेन्द्र साहू और पवन कुमार निषाद ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा की फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से शासन के योजनाओं की बहुत अच्छी जानकारी दी जा रही है। छात्रों ने बताया कि आदिवासी वेशभूषा में सेल्फी लेने का अनुभव सबसे अलग रहा। विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे आकाश नारंग ने कहा कि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए बहुत उपयोगी है। वरिष्ठ नागरिक श्री राधेश्याम और श्री मोहनलाल ने राज्य सरकार के कार्यों को जानने के लिए इस प्रदर्शनी को बहुत महत्वपूर्ण बताया। गौरतलब है कि इस आयोजन में शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर आधारित पत्रिका, पम्पलेट, ब्रोशर का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

### कला जत्था है आकर्षण का केंद्र

धरती के श्रृंगार लोक संस्कृति संस्था ग्राम भोथीपार कला जिला राजनांदगांव से आए कलाकार अपनी कला के जरिए भी आमजनों का मनोरंजन के साथ ज्ञानवर्धन भी कर रहे हैं। कला-जत्था द्वारा राज्य गीत अरपा पैरी के धार... तथा कर्मा-ददरिया के साथ ही अलग-अलग नाटक के माध्यम से शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया जा रहा है।

### प्रदर्शनी में पहुंचे स्कूल शिक्षामंत्री टेकाम, लिया फीडबैक

राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में लगी प्रदर्शनी में स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम दूसरे दिन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के स्टॉल अवलोकन करने पहुँचे। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम ने यहाँ स्टॉल में मौजूद स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों और उनके अभिभावकों से स्कूल की पढ़ाई एवं सुविधाओं के संबंध में फ़ीडबैक लिया। यहां स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के स्टॉल को तीन हिस्से में प्रदर्शित किया गया है। इसमें स्मार्ट क्लास, मॉडर्न लेबोरेटरी, लाइब्रेरी व डिजिटल लाइब्रेरी को शामिल किया गया है, साथ ही स्वामी आत्मानंद स्कूल की अधोसंरचना का मॉडल रखा गया है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई का माहौल देने और भविष्य के लिए अवसर उपलब्ध कराने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल शुरू किए हैं। अब तक प्रदेश में कुल 171 सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित हो रहे हैं। जहां अत्याधुनिक अधोसंरचना के साथ ही फिजिकल लाइब्रेरी, डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं एवं शैक्षणिक व खेलकूद गतिविधियों के लिए बेहतर माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है।

# राज्य में अब तक धान की खरीदी का आंकड़ा 97.71 लाख मीटरिक टन से पार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**21.74 लाख किसानों ने बेचा धानः धान खरीदी के एवज में किसानों को 19,000.46 करोड़ रूपए जारी**

**धान खरीदी के समांतर अब तक 61.10 लाख मीटरिक टन धान का उठाव**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरदर्शी सोच और उदार फैसलों का नतीजा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के चालू सीजन में अब तक 97.71 लाख मीटरिक टन धान खरीदी हो चुकी है। प्रदेश में अब तक 21.74 लाख किसानों ने सुगमता पूर्वक उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय किया है। धान खरीदी के एवज में अब तक किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 19,000.46 करोड़ रूपए जारी कर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि किसानों की मांग और जरूरत को ध्यान में रखते हुए किसानों की सहुलियत के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी की तिथि एक सप्ताह और बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब किसानों से 7 फरवरी तक धान खरीदी की जाएगी। राज्य सरकार ने इस वर्ष 24 लाख से अधिक किसानों से 105 लाख मीटरिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है। चालू सीजन में शेष सभी पंजीकृत किसानों को धान बेचने के लिए टोकन की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है।

मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप धान खरीदी के साथ ही समांतर रूप से कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव तेजी से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के आह्वान पर अब तक मिलर्स द्वारा डीओ और टीओ के माध्यम से 61.10 लाख मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। छत्तीसगढ़ राज्य केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी नया रिकार्ड बनाया है।

अब तक 16.38 लाख मीटरिक टन केन्द्रीय पूल में गुणवत्तापूर्ण चावल जमा करा चुके हैं। इनमें भारतीय खाद्य निगम में 9.04 लाख मीटरिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 7.33 लाख मीटरिक टन जमा चावल शामिल है। खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने आज यहां बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का तेजी से उठाव भी किया जा रहा है। अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 61.10 लाख मीटरिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। श्री वर्मा ने बताया कि 51 लाख 17 हजार मीटरिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 45 लाख 02 हजार मीटरिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 20 लाख 67 हजार मीटरिक टन धान के परिवहन के लिए टी.ओ. जारी किया गया है।

जिसके विरूद्ध समितियों से 16 लाख 08 हजार मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी की शुरूआत 1 दिसम्बर 2021 से हुई है। धान खरीदी के समांतर ही खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव और कस्टम मिलिंग भी युद्ध स्तर पर जारी है। इस साल धान बेचने के लिए रिकार्ड 24 लाख से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है। पंजीकृत धान का रकबा भी 30 लाख 15 हजार हेक्टेयर से अधिक है।

# पेगासस से जासूसी कराने वाले मोदी देश से माफी मांगें - कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अमर जवान ज्योति, सेवाग्राम आश्रम गरीबों की न्याय योजना का विरोध करने के लिये भाजपा माफी मांगें**

रायपुर। भाजपा द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से माफी संबंधी बयान पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अमर जवान ज्योति तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आश्रम सेवाग्राम तथा राजीव गांधी ग्रामीण किसान मजदूर न्याय योजना का विरोध करने के लिये भाजपा को देश और प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी तथ्यों के आधार पर मुद्दे उठाते हैं, उन्हें किसी से माफी मांगने की कोई जरूरत नहीं है। बल्कि पेगासस जासूसी कांड के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माफी मांगनी चाहिए और सिंहासन छोड़कर झोला उठाकर निकल जाना चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेगासस जासूसी मामले में मोदी बेनकाब हो चुके हैं। भाजपा को इस मामले में सांप सूंघ गया है। उसके मुंह से एक शब्द नहीं निकल रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि कांग्रेस सेना के शौर्य के सबूत नहीं मांगती। सेना के पराक्रम पर राजनीति करने वाले ढोंगी बाबा की चालबाजियां देश की जनता के सामने लाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेना के शौर्य का राजनीतिकरण करते हैं। सेना के शौर्य पर वाहवाही लूटने की कोशिश सत्ता प्रमुख करेगा तो कांग्रेस की जिम्मेदारी है कि वह सेना के राजनैतिक करण के खिलाफ आवाज उठाये। यह जिम्मेदारी राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस निभा रही है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शहीदों की शहादत की स्मृति अक्षुण्ण रखने का कार्य कर रहे हैं तो अंग्रेजों से माफी मांग कर वीर कहलाने वाली विचारधारा के भाजपाई शहीदों के सम्मान का विरोध कर रही है। यह इनकी अपनी अजूबी देशभक्ति और सेना के प्रति सम्मान का अपना अंदाज है। भाजपा वह पार्टी है जिसका आजादी के आंदोलन से कोई वास्ता नहीं रहा। देशभक्तों से गद्दारी, गोरों के लिए मुखबिरी ही इनकी पहचान रही है और अब ये बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के अमर शहीदों की स्मृति के अपमान के साथ ही छत्तीसगढ़ में अमर जवान ज्योति का विरोध कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि घटिया राजनीति करने वाली भाजपा का चरित्र सामने आ गया है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शहीदों को सम्मान देने पर भाजपा को अखर रहा है। जबकि इनकी सरकार के समय नक्सल हिंसा में हमारे अनेकानेक वीर जवानों ने शहादत दी और उन्होंने उनकी शहादत को कोई सम्मान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा शहीदों पर राजनीति करती है। वह शहादत का आदर नहीं करती। कांग्रेस का देश के लिए मर मिटने का इतिहास रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा राज में हमारे नेताओं की एक पूरी पीढ़ी ने झीरम घाटी के षड्यंत्र में शहादत दी है।

# मंत्री श्रीमती भेंड़िया और डॉ. डहरिया ने विकास प्रदर्शनी में महिला बाल विकास विभाग के स्टॉल से की ख़रीददारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने आज रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित विकास प्रदर्शनी में विभागीय स्टालों का अवलोकन किया।





महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रदर्शनी में उन्होंने समूह की महिलाओं से लगभग एक हजार रुपये के बड़ी पापड और सामानों की खरीदी की। बातचीत कर उन्होंने उनके द्वारा बनाए सामानों की बिक्री के सम्बंध में पूछा। इस पर सभी महिलाओं ने खुशी जताते हुए बिक्री पर संतोष व्यक्त किया। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव डहरिया भी सपरिवार महिला बाल विकास के स्टॉल पहुंचे और समूह की महिलाओं से बहुत से सामानों की खरीदी की। दोनों मंत्रियों ने समूह की महिलाओं द्वारा तैयार छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भी स्वाद लिया और तारीफ की। श्रीमती भेंड़िया ने कोरिया महिला गृह उद्योग स्व सहायता समूह से बातचीत कर उनके माध्यम से 500 महिलाओं को रोजगार मिलने की मुक्त कंठ से तारीफकी और राष्ट्रीय स्तर पर उनकी उपलब्धियों को सराहा। श्रीमती भेंड़िया ने बिलासपुर के महिला समूह द्वारा तैयार पगड़ी की भी तारीफ की और अधिकारियों को सामूहिक विवाह के लिए समूह से पगड़ी खरीदने के लिए कहा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान





















# गाजर का फेस पैक लगाएं और पाएं साफ गोरी त्वचा



**गाजर एक स्वास्थ्य वर्धक सब्जी मानी जाती है, जो आपके चेहरे की कई समस्याओं को पल भर में दूर कर सकता है। गाजर में काफी सारा विटामिन और मिनरल पाया जाता है जो कि त्वचा को मेंटेन करने के लिये काफी होता है। अगर आपकी त्वचा हमेशा मुर्झाई सी लगती है और आप दुनिया भर की क्रीम और लोशन लगा लगा कर थक चुकी हैं तो, अब गाजर का फेस पैक लगा कर देखिये। गाजर में विटामिन सी, ए और ई पाया जाता है जो कि आपकी त्वचा से एजिंग के सारे लक्षणों को मिटा देगें और चेहरे पर ब्लड फ्लो कर के चेहरे में चमक भरेंगे।**

कैरट मास्क को हफ्ते में दो बार लगाने पर चेहरे से डार्क स्पॉट, झाइयां, झुर्रियां आदि हट जाती हैं। आज ही आर्टिकल में हम आपको बताएगें कि चेहरे की अलग अलग प्रकार की समस्याओं को मिटाने के लिये आप किस प्रकार से गाजर का फेस मास्क बना सकते हैं।

गोरी त्वचा के लिये 15 दिनों में गोरी त्वचा पाने के लिये गाजर फेस मास्क लगाएं। इसे बनाने के लिये 1 चम्मच घिसी गाजर, 1 चम्मच बेसन, 1 चम्मच रोज वॉटर, 1 चम्मच खीरे का पेस्ट मिला कर त्वचा पर लगाएं। इसे 15 मिनट छोड़ दें और फिर चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

झुर्रियां मिटाने के लिये घिसा गाजर, 1 चम्मच दूध, 1 चम्मच चावल का आटा, चुटकीभर हल्दी और 1 छोटा चम्मच शहद मिक्स करें। इस पेस्ट को चेहरे पर 15 मिनट तक के लिये लगाए रखें। ऐसा हर एक दिन छोड़ कर करें जिससे जल्दी फायदा हो।

पिगमेंट और खुरदुरी त्वचा को हटाने के लिये 1 चम्मच घिसी गाजर में 1 चम्मच नींबू का रस और 1 चम्मच शहद मिलाएं। इसे अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट के बाद हल्के गरम पानी से चेहरा धो लें। इसे हफ्ते में दो बार लगाएं।

चमकदार त्वचा पाने के लिये 1 चम्मच घिसी गाजर को 1 चम्मच ओट्स और 1 चम्मच घिसे सेब के साथ मिक्स कर के पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे पर लगा कर सूखने के बाद हल्के हाथों से मसल कर छुड़ा लें। इसे चहरे पर 10 मिनट ही रखें।

चेहरे की सूजन कम करने के लिये हमारे चेहरे पर अक्सर सुबह के समय सूजन आ जाती है। इसको कम करने के लिये सुबह ही यह फेस पैक लगाएं। इसके लिये 1 चम्मच घिसा गाजर, 1 चम्मच घिसा चुकंदर, 1 चम्मच आलू और 1 चम्मच दही मिलाएं। इसे चेहरे पर 15 मिनट के लिये लगाएं और फिर पानी से धो लें।

ऑइली स्किन के लिये 1 चम्मच गाजर के जूस में 1 चम्मच एप्पल साइडर वेनिगर मिलाएं और उसमें रूई डुबो कर चेहरे को साफ करें। यह काम सुबह और शाम को करें। फिर चेहरे को 10 मिनट के बाद धो लें।

ऑइली स्किन के लिये 1 चम्मच गाजर के जूस में 1 चम्मच एप्पल साइडर वेनिगर मिलाएं और उसमें रूई डुबो कर चेहरे को साफ करें। यह काम सुबह और शाम को करें। फिर चेहरे को 10 मिनट के बाद धो लें। ड्राई स्किन के लिये 1 चम्मच घिसी गाजर में 1 चम्मच मलाई और अंडे का सफेद भाग मिक्स करें। फिर इसे चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट के बाद चेहरा धो लें। इससे आपकी त्वचा मुलायम बन जाएगी।

# प्रोटीन के अलावा भी बहुत कुछ देता है अंडा

**अंडा सिर्फ प्रोटीन से ही भरपूर नहीं होता है बल्कि इसके और भी कई फायदे हैं। अगर आप अपने खाने में अंडे को शामिल करते हैं तो इससे सेहत और सौंदर्य से भरपूर मिसाल फायदे मिल सकते हैं। आइए जानते हैं क्या हैं ये 7 फायदे...**



***मिनरल्स से भरपूर :*** अंडे में नौ अमीनो ऐसिड होते हैं, जो शरीर की जरूरतों को पूरा करते हैं। इसमें विटमिन ए, बी, बी12, विटमिन डी और विटामिन ई भी भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके अलावा यह फॉलेट, सेलेनियम और कई मिनरल्स का अच्छा स्त्रोत है।

***मेमरी बढ़ती है :*** अंडे में मौजूद ओमेगा 3, विटमिन्स और फैटी ऐसिड दिमाग के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इसमें कोलीन पाया जाता है, जिसके प्रयोग से मेमरी के साथ दिमाग की कार्यक्षमता बढ़ जाती है और वह बेहतर काम करता है।

***डिप्रेशन करे दूर :*** अगर मूड खराब हो, तो अंडा आपके लिए मददगार है। इसमें मौजूद विटमिन बी-12 तनाव को दूर करने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें कुछ ऐसे तत्व भी पाए जाते हैं जो आपके मूड को बेहतर बनाते हैं और डिप्रेशन दूर करते हैं।

***प्रेग्नेंसी के दौरान फायदेमंद :*** गर्भावस्था में भी अंडा एक सेहतमंद फूड है। यह गर्भस्थ शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास में मदद करता है। इसके अलावा यह शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ति करता है। इसलिए डॉक्टर्स भी इस दौरान अंडा खाने की सलाह देते हैं।

***रोशनी बढ़ाता है :*** एक शोध के अनुसार अंडे का सेवन करने से मोतियाबिंद का खतरा कम हो जाता है और आंखों की मांसपेशियां भी मजबूत होती हैं। इसमें मौजूद ऐंटीऑक्सिडेंट्स, रेटीना को मजबूती देने का काम करते हैं।

***वेट को करे कंट्रोल :*** वजन को संतुलित रखने में अंडा बहुत मददगार होता है। इसे खाने के बाद देर तक पेट भरा रहता है और शरीर को ऊर्जा मिलती रहती है, जिससे आपको भूख कम लगती है और आपकी डायट कम हो जाती है। इससे आपका वजन नियंत्रित रहता है।

***बालों को मजबूत बनाता है :*** अंडा प्रोटीन का अच्छा स्त्रोत है, इसलिए यह बालों और नाखूनों के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। यह बालों को मजबूत बनाने के साथ ही उसकी गुणवत्ता में बदलाव लाता है, साथ ही इससे नाखून भी मजबूत होते हैं।

# जॉब करने वाली लड़कियों के लिए डिज़ाइनर कुर्ते

*नौकरी करने वाली हर लड़की या महिला को ऑफिस में अलग-अलग कपड़े पहनकर जाना होता है, ताकि वह परफेक्ट दिखें। खासकर वो एथनिक पहनना ही पंसद करती हैं। अगर आप शिक्षिका, कॉपीराइटर या कोई साधारण सी नॉवेल जॉब करती हैं तो डेनिम में जाना संभव नहीं होता है। ऐसे में एथनिक लुक और ड्रेस ही सबसे सहज और आरामदायक होती है। कुर्ती और लैग्गिंस सबसे सही रहती है। आज अपने इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे डिजाइन के बारे में बताएंगे, जो कुरतों के लिए ऑल टाइम बेस्ट होते हैं। इनका फैशन कभी आउट नहीं होता है। बस आपको इन्हें अपनी फिटिंग के हिसाब से सिलवाना है और अपनी वॉर्डरोब में शामिल कर लेना है। आइए जानते हैं एथनिक कुर्तों के कुछ ऑलटाइम के डिजाइन के बारे में:*



लेमन ग्रीन कुर्ता- कभी-कभी इस रंग को भी पहनना आपको फ्रेश लुक देता है। इस लुक में एक और रंग का कुर्ता भी है लेकिन शायद आपको ये ज्यादा पसंद आएं। मंडे के दिन आपके मूड को सारा दिन फ्रेश बनाएं रखने में ये काफी मददगार होगा।

ब्लू कलर में एस्सेमिट्रिक कुर्ता- प्लेन कुर्तो से हटकर यह है। इसे रेड कलर की लैग्गिंस के साथ पहनें, काफी फबेगा।

ब्लैक स्ट्रेट कुर्ता- गर्मियों में यह कुर्ता काफी सही रहता है। आपको खुलापन लगता है और भारीपन महसूस नहीं होता है।

वी-नेकलाइन औरेंज कुर्ता औरेंज कलर का वी-लाइन कुर्ता, डेनिम पर पहनने के लिए बेस्ट है। यह कलर भी आजकल काफी चलन में है। साइड बटन लॉन्ग कुर्ता हर कुर्ते में बटन बीचों-बीच लगे होते हैं। ऐसे में इस कुर्ते की डिजाइन काफी हटकर है। इसमें साइड बटन लगे हुए है। और इसका मिडनाइट ब्लू कलर भी काफी यूनिक लगता है। आप इसे ब्लैक स्कीनी जींस के साथ पहन सकते हैं। पिंक लेस वाला सेच्िन कुर्ता फ्राई डे को बेबी-बेबी सा फील लाने के लिए आप इसे पहन ही सकती हैं। ये एक स्लीपलेस कुर्ता है जिसे गर्मियों में पहनने के बाद काफी रिलैक्स लगता है।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- 9303289950, 9827806026, 8962815243



























## खास खबर

### खिलाड़ियों को अपना प्रयास जारी रखना चाहिए, खेल में भी अच्छा कैरियर संभव है - संजय नेताम

**गरियाबंद।** क्षेत्र के दूरस्थ राजापड़ाव अंचल के ग्राम कोकड़ी में जय रानी दुर्गावती क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों द्वारा आयोजित 9 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में मैनपुर कला की टीम ने घुटकेल की टीम को हराकर इस खिताब पर कब्जा किया।इसी प्रकार तीसरे स्थान पर शोभा व चौथे स्थान पर जोरातराई की टीम रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम एवं अध्यक्षता सरपँच कोकड़ी सखाराम नेताम ने की व विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सभापति घनश्याम मरकाम शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा विजेता टीम मैनपुर कला को पुरस्कार में 9551 रुपये व ट्रॉफी,उपविजेता टीम घुटकेल को 4551 रुपये व ट्रॉफी, तीसरे स्थान पर रही शोभा को 2551 रुपये व ट्रॉफी तथा चौथे स्थान की टीम जोरातराई को 1051रुपये व ट्रॉफी प्रदान की गई।कार्यक्रम में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि संजय नेताम ने कहा कि उपविजेता टीम को विजेता टीम से सीख लेनी चाहिए, एक हार से उम्मीदे नही टूटती। अपने प्रयासों को हमेशा जारी रखना चाहिए। प्रयास करते रहेंगे तो खेल के क्षेत्र में भी कैरियर बनाने की असीम संभावनाएं हैं। एक टीम की हार में ही दूसरी टीम की जीत सुनिश्चित होती है। यह खेल में चलता रहता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष सखाराम नेताम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिकेट की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही।क्रिकेट के साथ साथ हमारे अन्य खेलों को भी तवज्जो देनी चाहिए क्योंकि आजकल कबड्डी लीग भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शुरू हो गया है।

### सघन मिशन इन्द्रधनुष टीकाकरण 4.0 का शुभारंभ 7 से

**राजनांदगांव।** आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान का शुभारंभ 7 फरवरी 2022 से किया जाएगा। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में जिले में 3 चरणों में सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान चलाया जाएगा। प्रथम चरण 7 फरवरी से, द्वितीय चरण 7 मार्च से तथा तृतीय चरण 4 अप्रैल से प्रारंभ होगा। मिशन इन्द्रधनुष अभियान एक विशेष टीकाकरण अभियान है। जिसमें 0-2 वर्ष के बच्चे तथा गर्भवती माता जो टीकाकरण से छूट गए हैं अथवा वंचित हो गये है उनका हेड काउंट सर्वे कर विशेष टीकाकरण सत्रों में टीकाकरण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि 7 फरवरी से आयोजित होने वाले प्रथम चरण की सम्पूर्ण तैयारियां जिले में कर ली गई है। जिसके तहत 472 टीकाकरण सत्रों में 0-2 आयु वर्ग के 932 बच्चे एवं 511 गर्भवती माताओं का चिन्हांकन कर छूटी हुई खुराक प्रदाय की जाएगी। टीकाकरण बच्चों व गर्भवती माताओं हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है। जो कि 7 जानलेवा बीमारी से सुरक्षा प्रदान करती है।

# नागरिक उड्डयन मंत्रालय की झांकी को सर्वश्रेष्ठ मंत्रालय की झांकी के रूप में चुना गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली(पीआईबी)। गणतंत्र दिवस 2022 के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) की झांकी को सर्वश्रेष्ठ केंद्रीय मंत्रालय की झांकी के रूप में चुना गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की झांकी में क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) और इससे होने वाले समृद्ध लाभांश को प्रदर्शित किया गया। मंत्रालय द्वारा परिकल्पित और एएआई की ओर से कार्यान्वित इस योजना का उद्देश्य क्षेत्रीय संपर्क को आर्थिक रूप से टिकाऊ और किफायती तरीके से बढ़ावा देना है।**



2016 में शुरू उड़ान योजना का उद्देश्य उड़े देश का आम नागरिक की परिकल्पना का पालन करके टियर 2 और 3 शहरों में एक उन्नत विमानन बुनियादी ढांचे व हवाई संपर्क के साथ आम आदमी की आकांक्षाओं को पूरा करना है। 7 वर्ष की छोटी अवधि में आज 403 उड़ान रूट 65 अनुपयुक्त/असेवित (जो सेवा में नहीं थे) हवाई अड्डों को जोड़ते हैं, जिसमें हेलीपोर्ट और वॉटर एयरोड्रम (लैंडिंग और टेक ऑफ के लिए विमानों द्वारा उपयोग किए जाने वाले खुले पानी का क्षेत्र) शामिल हैं तथा 80 लाख से अधिक लोग इससे लाभान्वित हुए हैं। उड़ान योजना ने पहाड़ी राज्यों, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र और द्वीपों सहित पूरे भारत के कई क्षेत्रों को अत्यधिक लाभ पहुंचाया है। देश की अर्थव्यवस्था पर उड़ान का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और उद्योग के साझेदारों खासकर एयरलाइंस ऑपरेटरों व राज्य की सरकारों से उत्कृष्ट प्रतिक्रिया देखी गई है। इस योजना के तहत अब 350 से अधिक नए शहर जुडऩे वाले हैं, जिनमें से 200 पहले से ही जुड़े चुके हैं और यह व्यापक व भौगोलिक रूप से फैले पूरे देश में कनेक्टिविटी देने के साथ-साथ संतुलित क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करता है, जिसके परिणामस्वरूप स्थानीय आबादी को आर्थिक विकास व रोजगार मिलता है। इस योजना से सिक्किम में गंगटोक के पास पाक्योंग हवाई अड्डा, अरुणाचल प्रदेश में तेजू हवाई अड्डा और आंध्र प्रदेश में कुरनूल जैसे नए (ग्रीन फील्ड) हवाई अड्डों का विकास भी हुआ। इस योजना से गैर मेट्रो हवाई अड्डों के घरेलू यात्री हिस्से में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विमान के आकार की झांकी में सामने के हिस्से में भारत के विमानन में महिला शक्ति का चित्रण करते हुए महिला पायलटों को दिखाया, क्योंकि भारत विश्व स्तर पर महिला वाणिज्यिक पायलटों में सबसे ऊपर है।

झांकी के पिछले हिस्से में बौद्ध धर्म के प्रतीक और उड़ान का आदर्श वाक्य. सब उड़ें, सब जुड़ें दिखाया गया। मध्य भाग गया में बुद्ध प्रतिमा की विशेषता वाले बौद्ध सर्किट को प्रदर्शित किया गया, जहां उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया, धमेख स्तूप, सारनाथ जहां उन्होंने अपना पहला उपदेश (धर्मचक्र परिवर्तन) दिया और महापरिनिर्वाण स्तूप, कुशीनगर जहां उन्होंने महापरिनिर्वाण प्राप्त किया इन सबको दिखाया गया। झांकी के मध्य भाग के दोनों किनारों में धरोहर स्थलों को दर्शाया गया। इसमें उत्तर से हुमायूं का मकबरा, पूर्व में कोणार्क सूर्य मंदिर, दक्षिण में हम्पी मंदिर का रथ और पश्चिम में अजंता की गुफाएं दिखाई गई हैं, जो हवाई सेवाओं से जुड़ी हैं।

# प्रदेश में कोरोना संक्रमण दर 3 प्रतिशत कम हुई



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण दर 03 प्रतिशत कम हो गई है, हालांकि मौतों का सिलसिला अभी भी जारी है। गुरूवार को 12 संक्रमितों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग से मिले बीते एक हफ्ते के आंकड़ों को देखें तो 28 जनवरी की स्थिति में छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण दर 8.24 थी, वहीं 03 फरवरी के आंकड़ों में संक्रमण दर 5.87 रही। हफ्ते भर पहले प्रदेश में 11 संक्रमितों की मौत हुई थी।**

वहीं पिछले 24 घंटे में 12 संक्रमितों की जान जा चुकी है। इसी प्रकार वैक्सीनेशन की बात करें तो छग में 15 से 18 साल के 60 प्रतिशत किशोरों का वैक्सीनेशन हो चुका है। अब तक 9.83 लाख बच्चों को टीका लगाया जा चुका है। 03 जनवरी से इस वर्ग के बच्चों को टीका लगाने की शुरूआत की गई थी।

कोरिया और मुंगेली जिले में तीन चौथाई से ज्यादा किशोरों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। जिसमें कोरिया में 79 प्रतिशत और मुंगेली में 75 प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण पूरा हो चुका है। प्रदेश के 11 जिले 60 प्रतिशत से ज्यादा किशोरों को कोरोना वैक्सीन का पहला टीका लग चुका है। इनमें कोरिया, मुंगेली, राजनांदगांव, धमतरी, रायपुर, बालोद, बेमेतरा, बिलासपुर, महासमुंद, दुर्ग और कांकेर शामिल हैं। बिलासपुर जिले की बात करें तो यहां टीकाकरण अभियान को लेकर फिर से तेजी आई है। यहां 15 से 17 साल के बच्चों में टीकाकरण को लेकर उत्साह है। इन्हें दूसरा डोज लगना भी शुरू हो गया है।

# दूरसंचार राज्य मंत्री, भारत सरकार के आतिथ्य में मिला बेस्ट सीएफओ अवार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** देश की प्रतिष्ठित इन्सटिट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्ट आफ इण्डिया (आईसीएआई) के द्वारा गुरूग्राम, नई दिल्ली में दिनांक 02 फरवरी 2022 को आयोजित 15वें आईसीएआई अवार्ड समारोह के अंतर्गत एसईसीएल के निदेशक (वित्त) एस.एम. चैधरी को बेस्ट सीएफ्ओ का अवार्ड प्रदान किया गया। यह अवार्ड भारत के केन्द्रीय दूरसंचार राज्य मंत्री देवु सिंह जे. चैहान तथा आईसीएआई के प्रेसिडेन्ट के करकमलों से दिया गया। श्री चौधरी को वृहद कारपोरेट समूह-मैन्युफेक्चरिंग एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर श्रेणी में यह सम्मान मिला है। इन्सटिट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्ट आफ इण्डिया संसद के अधिनियम के तहत स्थापित एक प्रतिष्ठित सांविधिक संस्थान है। एस.एम. चैधरी ने 12 अक्टूबर 2019 को एसईसीएल के निदेशक (वित्त) का कार्यभार संभाला था। वे क्वालिफाईड चार्टर्ड



एकाउन्टेन्ट, कॉस्ट एण्ड मैनेजमेंट एकाउन्टेन्ट तथा कम्पनी सेक्रेट्री हैं। श्री चौधरी इसके पूर्व कोलइण्डिया की अनुषंगी वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में साढ़े तीन वर्षों से अधिक समय तक निदेशक (वित्त) के पद पर कार्यरत रहे। इसके पूर्व भी वर्ष 2021 में श्री चौधरी को कास्ट एकाउन्टेन्ट्स आफ इण्डिया (आईसीएआई) के द्वारा बेस्ट सीएमए सीएफ्ओ अवार्ड प्रदान किया गया था। इस अवसर पर एसईसीएल मुख्यालय में आयोजित समारोह में सीएमडी एसईसीएल प्रेमसागर मिश्रा, मुख्य सतर्कता अधिकारी बी.पी. शर्मा, निदेशक तकनीकी सह कार्मिक एम.के. प्रसाद, निदेशक तकनीकी एस.के. पाल सहित समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों ने श्री चौधरी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# जिले में उत्पादित जैविक सुगंधित चावल की महक पहुंची राजधानी तक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। कोरबा जिले में किसानों द्वारा उत्पादित जैविक सुगंधित चावल की महक राजधानी रायपुर तक पहुंच रही है। राजधानी में आयोजित राज्य स्तरीय गौठान मेला में जिले में उत्पादित एक क्विंटल 10 किलो सुगंधित चावल की बिक्री हो चुकी है। जैविक रूप से उगाये सुगंधित चावल की काफी डिमांड आ रही है। पापुलर होने के साथ लोग सुगंधित चावल को हाथों-हाथ खरीद रहे हैं।**



उच्च गुणवत्तायुक्त सुगंधित चावल आकर्षक पैकिंग के साथ मेले में प्रदर्शित किया गया है। सुगंधित और जैविक होने के कारण उत्पाद को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र तानाखार के मान गुरू कृषक उत्पादक समूह में शामिल लगभग 150 किसान जैविक विधि से खेती कर सुगंधित चावल का उत्पादन कर रहे हैं। किसानों द्वारा विष्णुभोग, चीनी शक्कर, लौंहदी आदि किस्म के चावल का उत्पादन कर बाजार मे विक्रय किया जा रहा है। रायपुर में 03 से 06 फरवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय गौठान मेला में मानगुरू समूह के किसानों द्वारा जैविक चावल के प्रचार-प्रसार एवं बिक्री के लिए स्टाल लगाया गया है। मेला के पहले ही दिन स्टाल में आकर 150 से अधिक उपभोक्ताओं ने सुगंधित चावल के संबंध में पूछताछ कर खरीदी भी की। पहले ही दिन एक क्विंटल से अधिक सुगंधित चावल की बिक्री से समूह के अध्यक्ष श्री रामलाल कवंर एवं अन्य कृषक सदस्य काफी उत्साहित हैं। उप संचालक कृषि अनिल शुक्ला ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के निर्देशन में कृषि विभाग द्वारा जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग की टीम के द्वारा किसानों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। किसानों द्वारा उत्पादित सुगंधित चावल की आकर्षक पैकिंग करने में भी विभाग द्वारा सहयोग किया जा रहा है। विकासखंड करतला के अन्तर्गत महामाया समिति नवापारा एवं हरियाली महिला समिति के किसानों द्वारा भी ब्लैक राईस, रेड राईस की खेती के साथ काजू एवं चार प्रोसेसिंग का भी काम किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने समस्त निर्माण विभाग के कार्यों की बैठक में की समीक्षा, दिए जरूरी निर्देश

# समय सीमा में पूर्ण हो निर्माण कार्य - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी निर्माण विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, हाउसिंग बोर्ड, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, आदिवासी विकास विभाग, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना एवं सिंचाई विभाग के अंतर्गत जिले में चल रहे विकास और निर्माण कार्यों की जानकारी ली।**



कलेक्टर श्रीमती साहू ने स्वीकृत अप्रारंभ कार्यों को प्रारंभ करने और प्रगतिरत कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्यों में भू -अर्जन के लंबित मामलों की भी जानकारी ली। साथ ही विभागों को आपसी समन्वय कर विकास कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में जारी प्रगतिरत कामों में तेजी लाई जाये। जून माह तक अधिकतम कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित कर काम में प्रगति लाई जाए। कलेक्टर श्रीमती साहू ने निर्माण साइटों पर अवैध निर्माण सामग्रियों का उपयोग नहीं करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी निर्माण सामग्रियों रेत, गिट्टी, मिट्टी आदि के रायल्टी पर्ची सुनिश्चित कर ही उपयोग में लाने के भी निर्देश दिए। वर्चुअल माध्यम से आयोजित बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री ए के वर्मा, पीडब्ल्यूडी विभाग के सभी अनुविभागीय अधिकारी, ईई आरईएस अशोक देवांगन, ईई पीएमजीएसवाई कमल साहू, एई क्रेडा एन के राय सहित अन्य अधिकारीगण शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती साहू ने लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क, भवन और स्कूल भवनों की जानकारी ली। उन्होंने जिले के विभिन्न मार्गो पर बीटी पैच रिपेयर के कामों की भी जानकारी ली तथा रिपेयर किए गए कामों का अद्यतन फेटोग्राफ्स के साथ जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य में लगे मजदूरों और कार्यों की पूर्ण होने की समय सीमा के बारे में जानकारी ली।

साथ ही जिले में बन रहे विभिन्न पुल पुलियो की भी जानकारी ली। अधिकारियों ने दर्री बराज पर पुल के पास बन रहे समानांतर पुल का निर्माण कार्य लगभग जून माह तक पूरा हो जाने की जानकारी दी। कलेक्टर ने हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाए जा रहे कन्वेंशन हॉल, स्याहीमुड़ी में ऑडिटोरियम तथा कलेक्टोरेट परिसर में सभा कक्ष के निर्माण कार्य को भी समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

### इन्द्रप्रस्थ रायपुरा ईडब्लूएस फ्लैट्स के आवेदन पत्र 7 तक लिए जाएगें

**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ रायपुरा योजना के फेज - 2 में 173 ईडब्लूएस फ्लैट्स के आवेदन पत्रों के जमा करने की तिथि को बढ़ाकर अब 7 फरवरी कर दिया गया है। पूर्व में आवेदन पत्र प्राधिकरण कार्यालय में 5 फरवरी तक जमा किए जाने थे।







































## मोबाइल चलाने से रोका तो बुआ को मार डाला

# नाबालिग दो भतीजियों को दोस्तों से बात करने पर टोकती थी, डांटा तो हत्या कर दी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। छत्तीसगढ़ में 2 नाबालिग सगी बहनों ने मिलकर अपनी बुआ की हत्या कर दी। दोनों ने युवती को इसलिए मार दिया, क्योंकि वो इन्हें मोबाइल चलाने से मना करती थी। वो हमेशा इस बात के लिए दोनों को डांटा करती थी। दोनों बहनों ने बुआ को टंगिया मारकर मार डाला। मामला चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के निरंजनपुर-सपनई गांव का है। पुलिस ने दोनों नाबालिग लड़कियों को गिरफ्तार कर लिया है।**



35 साल की तुलसी भाठ निरंजनपुर-सपनई गांव में रहती थी। उसकी शादी नहीं हुई थी। इसलिए वह अपने भाई के घर में ही रहती थी। उसकी 17 और 15 साल की 2 भतीजियां भी हैं। बड़ी भतीजी ने 10वीं के बाद से स्कूल जाना बंद कर दिया है। छोटी भतीजी10 में पढ़ाई करती है। बताया जा रहा है कि दोनों बहनें अपने दोस्तों से बात करने के लिए अपनी बुआ का फोन इस्तेमाल करती थीं। इसी बात से तुलसी नाराज होती थी। तुलसी दोनों लड़कियों को कहता थी कि फोन मत इस्तेमाल किया करो, फोन से दोस्तों से ज्यादा बात मत किया करो।

03 फरवरी को भी तुलसी की छोटी भतीजी उसका फोन बिन बताए स्कूल ले गई थी। स्कूल से आने के बाद उसने ये बात अपनी 17 साल की बड़ी बहन को बताई, फिर दोनों तालाब में नहाने के लिए चली गईं। यहीं पर दोनों ने प्लान बनाया कि ये रोज-रोज झगड़ा करती है। इसका काम ही खत्म कर देते हैं।

03 फरवरी की रात को 9.30 बजे तुलसी की छोटी भतीजी फिर से उसका फोन लेकर पढ़ रही थी। ये देखकर फिर से तुलसी चिल्लाने लगी, कहने लगी कि मना करने के बाद भी तू बार-बार फोन ले लेती है। इसके बाद तुलसी से छोटी भतीजी को खूब गाली दिया। उसे थप्पड़ भी मार दिया। घटना के बाद सभी खाना पीना खाकर सो गए थे।

## 12 घंटे के भीतर लूट के आरोपी पकड़ाए

# आरोपियों से स्कूटी होंडा ग्रेजिया एवं मोबाईल विवो कंपनी का तथा नगदी रकम बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। जिला पुलिस ने लूटकांड में शामिल दो आरोपियों को घटना के 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 03 फरवरी को प्रार्थी पी. आदिल पिता पी. प्रदीप कुमार 19 साल साकिन सेक्टर 05 सड़क 01 क्वाटर 08 ब्लाक 03 भिलाई द्वारा को थाना भिलाई नगर उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया।

02.02.2022 को रात्रि करीबन 11.30 बजे सेक्टर 06 सी मार्केट के पास आरोपी मोहम्मद हमीद एवं श्रवण मंडल ने प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुये उनके स्कूटी होंडा ग्रेजिया वाहन क्र. सीजी 07 बी.यु. 8187 एवं एक विवो वाय 12 कंपनी का मोबाईल व जेब में रखे नगदी रकम 500 रुपये को लूटकर ले गये है।

जिसकी रिपोर्ट पर थाना भिलाई नगर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर प्रकरण के आरोपी मोहम्मद हमीद एवं श्रवण मंडल को तत्काल पतासजी करते हुये हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिन्होंने अपराध को घटित करना स्वीकार किया व लूटे गये मशरुका स्कूटी होंडा ग्रेजिया, मोबाईल विवो कंपनी का एवं नगदी रकम 500 रुपये को बरामद कराया है आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया है जिसे आज को न्यायालय पेश किया जायेगा।

पुलिस ने आरोपियों से स्कूटी होंडा ग्रेजिया क्र. सीजी 07 बी. यु. 8187, मोबाईल विवो कंपनी एवं नगदी रकम 500 रुपये बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद हमीद पिता मोह, मंसुर उम्र 21 साल साकिन सेक्टर 06 सांई मंदिर के पास जनता रुई दुकान और श्रवण मंडल पिता जयदेव मंडल उम्र 26 साल साकिन सांई मंदिर के सामने फुल दुकान भिलाई है।

## चाकू के साथ बदमाश गिरफ्तार

**भिलाई।** खुर्सीपार पुलिस ने एक आदतन बदमाश को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली सूचना पर पुलिस ने जोन 03 शिव मंदिर के पास खुर्सीपार में एक व्यक्ति को जो अपनी कमर में धारदार चाकू रखकर घूम रहा था को गिरफ्तार किया।

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 0778-2323633 E-mail:eedurg-phe-cg@nic.in

**// शुद्धिपत्र क्र. 01//**

इस कार्यालय की निम्नलिखित ऑनलाईन निविदाओं के समय सारणी में संशोधन किया जाता है, जो कि निम्नानुसार है :-

| क्र. | निविदा सूचना क्रमांक/दिनांक | सिस्टम क्रमांक | बिड सबमिशन की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | 170, 171, 172, 173, 174, 175, 181, 181, 184, 189, 193, 196, 197, 198, 202, 206/दिनांक 03.12.2021, 17.12.2021, 27.12.2021, 30.12.2021 | 88129,88130,88131, 88132,88133, 88134, 89042, 89046, 89564, 89569, 89574, 89851, 89852, 89856, 89860 | 11.02.2022 को 17.30 बजे तक |

टीप :- निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दुर्ग (छ.ग.)

जी-67523/10

# सड़क पर नीचे गिरा युवक, पीछे से आ रहा ट्रेलर कुचलते हुए आगे निकल गया; घंटे भर गाड़ी में ही फंसा रहा शव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग में शुक्रवार एक दिल दहला देने वाली दुर्घटना हुई। एक ट्रेलर चालक तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक चालक को कुचलते हुए निकल गया। इससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रेलर छोड़कर भाग खड़ा हुआ। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304ए के तहत मामला दर्ज किया है। सुपेला टीआई सुरेश ध्रुव ने बताया कि दुर्घटना सुपेला थाना अंतर्गत स्टील कॉलोनी के पास की है। शुक्रवार शाम ट्रेलर सीजी 04 एचएक्स 3382 का चालक तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए रायपुर की तरफसे आ रहा था। इस दौरान बाइक सीजी 07 एयू 3286 का चालक बजरंग होटल के पीछे आया। वह बाइपास से नेहरू नगर की तरफजाने की कोशिश कर रहा था। अचानक उसकी बाइक स्लिप कर गई और वह सड़क पर गिर गया। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। ट्रेलर का पहिया बाइक चालक के ऊपर से गुजर गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चालक की पहचान वार्ड 57 उरला दुर्ग निवासी आदित्य कोरवन (30 साल) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि जहां पर दुर्घटना हुई है वहां सड़क निर्माण कार्य चल रहा था। बाइक चालक की मौत होने से वहां पर आसपास की लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई थी।

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता
### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-बेमेतरा (छ.ग.)

Phone No.: 07824-222118 email : eebem-phe-cg@nic.in

**// संशोधन सूचना //**

इस कार्यालय का ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना क्रमांक 233 (समूह क्रमांक-07)/त.शा./का.अ./ दिनांक 19.01.2022 (सिस्टम नं.-91045) को आमंत्रित किया गया था। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारण से निरस्त किया जाता है।

उक्त कार्य राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आचार संहिता के अंतर्गत नहीं है।

(पूर्व जी.क्रमांक-67002)

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बेमेतरा ( छ.ग. )

जी-67434/4

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
### लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-504/NIT-30/ 2021-2022/ व ले लि दिनांक 01.02.2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 10.02.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 16.02.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 17.02.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम / No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि(रू.में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 30 T0266 | मेन रोड से सेमरिया बस्ती तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य | 20.00 15000.00 |
| 30 T0267 | मेन रोड से चुहका बस्ती तक सी.सी. रोड पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 19.98 15000.00 |
| 30 T0268 | मुख्य मार्ग से घोटवानी बस्ती तक सी.सी. रोड पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 19.96 15000.00 |
| 30 T0269 | ग्राम करमू में प्राथमिक शाला पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य | 19.98 15000.00 |
| 30 T0270 | बस्ती से प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला बनियाडीह में सी.सी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य | 19.81 15000.00 |
| 30 T0271 | मुख्य मार्ग से प्राथमिक शाला भवन उसलापुर में सी.सी. रोड पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 20.00 15000.00 |
| 30 T0272 | ग्राम तोरण में मुख्य मार्ग से प्राथमिक शाला तक सी.सी. रोड पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 19.98 15000.00 |
| 30 T0273 | मेन रोड से आंगनबाड़ी केन्द्र कंदई में सी.सी. रोड पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 19.97 15000.00 |
| 30 T0274 | मेन रोड से पूर्व माध्यमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्र क्र.2 घिवरी में सी.सी. रोड पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य | 19.97 15000.00 |
| 30 T0275 | ग्राम कन्हेरा में बस्ती से आंगनबाड़ी केन्द्र भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 19.95 15000.00 |
| 30 T0276 | मुख्य मार्ग से बोतका बस्ती पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 19.99 15000.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अतंर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. ( भ/स ) संभाग
बेमेतरा

जी-67479/4

### छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
### कार्यालय मुख्य अभियंता,
### महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**( प्रथम आमंत्रण )**

सिस्टम निविदा क्र. 91853/निविदा सूचना क्र.18/वलेलि/2021-22 बेमेतरा, दिनांक 03/02/2022

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 24.02.2022 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम :-** **बेमेतरा जिले के विकासखंड साजा की सुरही नदी पर देऊरगांव तटबंध सुरक्षा योजना के बांयी ओर आर.डी. 0 मी. से 450 मी. तक तटबंध कार्य।**

**अनुमानित लागत :- रू. 232.44 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 10.02.2022 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बेमेतरा
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

जी-67487/7

### छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
### कार्यालय मुख्य अभियंता,
### महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**( प्रथम आमंत्रण )**

सिस्टम निविदा क्र. 91909/निविदा सूचना क्र.19/वलेलि/2021-22 बेमेतरा, दिनांक 04/02/2022

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 25.02.2022 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम :- बेमेतरा जिले के विकासखंड साजा की जामगांव जलाशय का जीर्णोद्धार, शीर्ष कार्य में आर.डी. 0 से 1150 तक मिट्टी का कार्य, 02 नग स्लूस का मरम्मत कार्य, वेस्ट वियर का निर्माण एवं नहरों का रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य बायी तट नहर आर.डी. 0 मी. से 3600 मी. दांयी तट नहर आर.डी. 0 मी. से 2100 मी. तथा फीडर केनाल आर.डी. 0 मी. से 300 मी., 04 नग व्ही.आर.बी., 02 नग फाल, 01 नग डी.सी. तथा 08 नग कुलाबा का निर्माण कार्य।**

**अनुमानित लागत :- रू. 272.15 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 11.02.2022 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बेमेतरा
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

जी-67520/8

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता
### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड बेमेतरा (छ.ग.)

**:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::**

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्य के लिये छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में श्रेणी-डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का विवरण :-** बेमेतरा जिले के विकासखंड बेमेतरा के ग्राम कोदवा में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम नलजल योजनाओं के अंतर्गत UPVC pipe 6kg/10kg पाईप लाईन जोड़ने, स्वीच रूम, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, बाउण्ड्रीवॉल, क्लोरीनेटर सिस्टम, क्लोरीनेटर रूम, इलेक्ट्रीसिटी कनेक्शन, सबमर्सिबल पंप, घरेलू नल कनेक्शन इत्यादि दिये गये शेड्यूल के अनुसार।

| स.क्र. | सिस्टम नंबर | द्वितीय निविदा सू.क्र. | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 91974 | 249 | कोदवा एकल ग्राम नलजल योजना | 72.61 |

**1. बिड प्रारंभ की तिथि :- 09.02.2022**
**2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि :- 23.02.2022**

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 09.02.2022 से देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बेमेतरा ( छ.ग. )


जी-67490/5

नये लुक एवं वैरायटी में सागौन लकड़ी द्वारा निर्मित
अरिहंत फर्नीचर शो रुम | नमन सेल्स फर्नीचर शो रुम

20% डिस्काउंट के साथ उपलब्ध
• सागौन निर्मित डूरियन मॉडल , वॉल मॉडल, डी मॉडल गुजराती सोफा
• लक्जरी सोफा 9500/- से शुरु (गारंटी के साथ)
• लक्जरी पलंग हाई क्वालिटी के साथ
• स्टील आलमारी आटोमेटिक प्लांट द्वारा निर्मित, भट्टी पेंट वाली
• कम्प्यूटर टेबल, ऑफिस टेबल , ड्रेसिंग टेबल कम्प्यूटर चेयर ऑफिस चेयर इत्यादि की वैरायटी
आजाद मार्केट, रिसाली
(भिलाई मसाला उद्योग के पीछे), भिलाई, मो. 9424151009, 9301188428


दुल्हन बैंगल्स & फैंसी


RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)


Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095


राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान हाई स्कूल के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

MemSaheb Ladies wear
JOCKEY UNDERWEAR IS OUR PASSION
JULIET

Shop No. 57,
A Market, Sec-6 Bhilai
Om Prakash
9926004441,
0788-2284341

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles

Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

मिस एंड मिसेस लेडिस वेयर
• गाऊन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज

शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

न्यू अप्सरा साड़ी सेन्टर
घाघरा, चुन्नी, कुर्ती,
डिजाइनर साड़ियां
सलवार सूट

सेल्स गर्ल की आवश्यकता है
शॉप 151, ए-मार्केट,
सेक्टर-6, भिलाई, फोन-2284063


माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER

फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

खास - खबर

## गर्ल्स कॉलेज में कैन्सर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस द्वारा विश्व कैन्सर दिवस के अवसर पर ऑनलाइन कैन्सर जागरूकता कार्यक्रम किया गया । इस अवसर यूथ रेडक्रॉस विभाग के प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रोग की जानकारी के अभाव के कारण ही इसका रूप विकराल हो गया है। विशेषकर महिलायें इसे नज़रअंदाज़ करती है। जिससे आगे चलकर गंभीर स्थिति आ जाती है। उन्होंने बताया की 100 आँगनबाड़ियों में यूथ रेड क्रॉस वोलेंटीयरस समय समय पर स्वास्थ, पोषण से सम्बंधित जानकारी प्रदान करती है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि विश्व कैन्सर दिवस , कैन्सर जागरूकता बढ़ाने , इसकी रोकथाम , पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। कैन्सर एक गंभीर रोग है जिसके कई प्रकार हैं - जैसे सर्वाइकल, ब्रेस्ट, पेट, ब्लड, गले, गर्भाशय, बोन, ब्रेन,मुँह और फेफड़े आदि। इसके लिये जागरूकता आवश्यक है जिससे समय रहते पहचान की जा सके। गृहविज्ञान की शोध छात्रा कु. तबस्सुम ने कहा कि कैंसर के लक्षण में शरीर के किसी भी भाग में असामान्य रूप से गाँठ बनना या उभार होना तथा कोशिकाओं की असामान्य तौर पर वृद्धि और अनियंत्रित रूप से विभाजित होने से यह बिमारी बढ़ती जाती है। जिसका प्रारंभिक तौर पर पता चलने से ईलाज कर ठीक किया जा सकता है। इस अवसर पर छात्राओं ने कैंसर जागरूकता से संबंधित पोस्टर भी बनाये जिन्हें पुरस्कृत किया गया। बड़ी संख्या में छात्राओं एवं शोधार्थियों ने सहभागिता की।

## 34 वर्ष के कार्यकाल के बाद जिला पंचायत के टायपिस्ट हुए सेवानिवृत्त

**दुर्ग।** जिला पंचायत में कार्यरत स्टेनो कम टायपिस्ट नरेन्द्र कुमार देशमुख सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर उन्हें जिला पंचायत के सहकर्मियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी रिवेन्द्र यादव ने उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन ने भी देशमुख के कार्यकाल को सराहा। उन्होंने कहा कि 34 वर्ष तक देशमुख ने विभाग में सेवाएं दीं। उनका कार्यकाल यशस्वी रहा।

## पंचायत सचिव की मृत्यु के एक महीने के भीतर ही सौंपी अनुकंपा नियुक्ति

**दुर्ग।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी रिवेन्द्र यादव ने आज राहुल कुमार साहू, ग्राम मानिकचौरी, पाटन को नियुक्ति पत्र सौंपा। उनके पिता भुजबल राम साहू की मृत्यु पिछले महीने हुई थी। एक महीने के भीतर ही राहुल को अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त हो गई। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू भी उपस्थित थे। श्रीमती शालिनी यादव ने इस मौके पर राहुल को अच्छे कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ढौर में स्वर्गीय भुजबल पंचायत सचिव थे और खूब लगन से काम करते थे। उल्लेखनीय है कि 9 जनवरी को भुजबल की मृत्यु होने पर तत्काल ही अनुकंपा नियुक्ति के लिए कार्रवाई आरंभ कर दी गई। जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन ने बताया कि स्थापना देख रहे अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अनुकंपा नियुक्ति संबंधी प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें एवं न्यूनतम समय में प्रकरणों का निपटारा करें।

# महापौर परिषद की बैठक: भिलाई को एक नई पहचान दिलाने पर अहम निर्णय

### भिलाई निगम के लिए नए 'लोगो'/ 'मोनो' का होगा सृजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**एमआईसी का पहला एजेंडा भिलाई की असली पहचान को परिलक्षित करने का, सर्वसम्मति से पारित**

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के एमआईसी कक्ष में प्रातः 11:00 बजे महापौर परिषद के गठन के उपरांत महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता और आयुक्त प्रकाश सर्वे की उपस्थिति में महापौर परिषद की पहली बैठक हुई। पहला प्रस्ताव नगर निगम भिलाई के पहचान को परिलक्षित करने वाला रहा, जिसमें नए लोगो/मोनो के सृजन पर चर्चा हुई और इसे सर्वसम्मति से परिषद ने पारित किया।

जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के तहत वर्तमान में जो नगर निगम भिलाई लोगो का उपयोग कर रहा है वह सन 1998 से पूर्व साडा कार्यकाल के दौरान का है।



भिलाई निगम के लोगों से भिलाई की पहचान जुड़ी हुई है। इसलिए ऐसे नए थीम और कॉन्बिनेशन के साथ नए लोगों के सृजन की आवश्यकता जरूरी हो गई है। भिलाई निगम के लोगो को देखते ही किसी को भी यह समझ आ जाए कि निर्माण या सेवा कार्य के पीछे भिलाई निगम का हाथ है। आज महापौर की परिषद ने ऐतिहासिक निर्णय लेकर नए लोगो के सृजन की अनुशंसा सर्वसम्मति से की है।

जिससे भिलाई निगम को नई पहचान के साथ आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। नए लोगो के सृजन के लिए भिलाई निगम के सभी नागरिकों से सुझाव लिए जाएंगे और सभी वर्गों को इसमें सम्मिलित किया जाएगा।

इसके लिए महापौर परिषद के सदस्य चंद्रशेखर गवई, रीता सिंह गेरा एवं आदित्य सिंह को सम्मिलित करते हुए कमेटी भी गठित की गई है। इसके अलावा महापौर परिषद की बैठक में कंप्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध कराने का कार्य, 14 वें वित्त आयोग वार्ड 26 ब्लॉक 1 से 21 के पीछे आरटीआर टाइप बिल्डिंग के पीछे एवं वार्ड 27 में सीवरेज लाइन लगाने का कार्य, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जोन क्रमांक 1, 2, 3 एवं 4 स्थित एसएलआरएम सेंटर में पुनर्चक्रण किए जाने योग्य कचरे के पृथक्कीकरण एवं गीले कचरे से खाद तैयार करने, 77 एम.एल.डी. जल शुद्धीकरण संयंत्र में फिल्टर मीडिया बदलने का कार्य एवं नगर पालिक निगम भिलाई में विभिन्न क्षेत्रों में रिक्त व्यवसायिक/आवासीय/आवासीय सह व्यवसायिक भूखंडों के आबंटन की अनुमति के संबंध में महापौर परिषद की बैठक में चर्चा कर उचित निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त महापौर नीरज पाल ने कहा कि आगामी बैठक में विभाग के प्रभारी एमआईसी सदस्य के संज्ञान में लाकर ही महापौर परिषद में प्रस्ताव प्रेषित करें।

आज के महापौर परिषद की बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, लालचंद वर्मा, नेहा साहू, मालती ठाकुर, केशव चौबे, साकेत चंद्राकर, मन्नान गफ्फार खान एवं मीरा बंजारे, भिलाई निगम के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, सचिव जीवन वर्मा, जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, कार्यपालन अभियंता डी.के. वर्मा, संजय शर्मा एवं सहायक अभियंता कुलदीप गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

## बीएसपी के सर्विसेस जोन के कार्मिक कर्म व पाली शिरोमणि पुरस्कार से हुए सम्मानित



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सर्विसेस संगठन विभागों में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सर्विसेस) सभागार में शिरोमणि पुरस्कार योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट व अनुकरणीय कार्य संपादित करने वाले विभाग के कर्मचारियों को शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सर्विसेस) एस एन आबिदी विषेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान एमआरडी के सीजीएम बी प्रसाद राव, आरएमडी के सीजीएम इंचार्ज आई सेनगुप्ता तथा प्रबंधक (कार्मिक सेवाएं), एम वी वी प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी (सर्विसेस), एस एन आबिदी ने माह जुलाई से सितम्बर-2021 के लिए एमआरडी के चार्जमेन-कम-सीनियर टेक्नीषियन भूषण लाल गोरे को बेहतरीन कार्य निष्पादन के लिए पाली षिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अक्टूबर से दिसम्बर-2021 के लिए एमआरडी के चार्जमेन-कम-सीनियर टेक्नीषियन एच के खोब्रागड़े तथा आरएमडी के मास्टर ऑपरेटर-कम-टेक्नीषियन किशन अग्रवाल एवं एमआरडी के चार्जमेन- कम-सीनियर टेक्नीषियन नीरज कुमार तिवारी को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके तहत उन्हें स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं उनकी धर्मपत्नी के लिए भी प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आबिदी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में सम्मानित कर्मचारियों द्वारा किये गये।

## विधायक एवं महापौर ने किया 35 लाख 20 हजार के विकास कार्यो का भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर निगम के वार्ड क्र. 3,4,5, 6 एव 28 को 35 लाख 20 हजार रूपये के विकास कार्यो की सौगात वार्ड के नागरिको शुक्रवार को प्राप्त हुई। शहर विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने सभपति राजेश यादव के साथ विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया।

इस मौके पर लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी,एमआईसी सदस्य मनदीप सिंह भाटिया,पार्षद नरेंद्र बंजारे, श्रीमती लीनादिनेश देवांगन, श्रीमती सत्यवती विजयंत पटेल, श्रीमती बबिता यादव,एल्डरमेन राजेश शर्मा,सुमित वोरा उपस्थित थे। निगम दुर्ग द्वारा 5 वार्डो में 35 लाख 20 हजार रूपये की लागत



से नागरिको को मिलेगी सड़क की सुविधा, वार्ड 3,टप्पा तालाब पार सीमेंटीकरण 6 लाख 70 हज़ार,वार्ड 4 चम्पा बाई साहू के घर से लेकर मनीष श्रीवास्तव के घर तक सीमेंटीकरण लागत 6 लाख 66 हज़ार,वार्ड 5 मरार पारा भोलू साहू महाराज से शितला मंदिर व अन्य गालियों में सीमेंटीकरण, वार्ड 28 में पचरी पारा रामकुमार तिवारी के घर से आनंद के घर तक एवं आनंद के घर से बैंड धुमाल तक सीमेंटीकरण 7 लाख का निर्माण कराया जाना हैं।

### महापौर के निर्देश : गंदगी फैलाने वालों पर हुई कार्यवाही

## दुकान का कचरा फेका सड़क पर, वसूला कुल 28 सौ अर्थदण्ड, गुमटी ठेलो से ढाई किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। शहर को स्वच्छ रखने और गंदगी नहीं फैलाने की समझाइश का असर नहीं दिखने पर नगर पालिक निगम रिसाली के अधिकारी सख्ती से पेश आ रहे है। शुक्रवार को राजस्व विभाग व जनस्वास्थ्य विभाग की टीम बाजार क्षेत्र में लेटेस्ट व मोनिका कलेक्शन के संचालक से जुर्माना वसूला। निगम अधिकारियों ने कुल 2800 रूपए निगम के खजाने में जमा कराया।**

नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर श्रीमती शशि सिन्हा व आयुक्त आशीष देवांगन



के निर्देश पर निगम के अधिकारी कृष्णा टॉकिज रोड से लेकर डीपीएस चौक तक भ्रमण किया। इस दौरान कृष्णा टॉकिज रोड स्थित दो कपड़ा व्यवसायी दुकान से निकले कचरा को सड़क पर फेक दिया था।

अधिकारियों ने समझाइश के बाद कचरा खुले स्थान पर फेके जाने पर क्रमशः 1000 व 500 रूपए जुर्माना वसूल किया। कार्यवाही में राजस्व विभाग के संजय वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के जगरनाथ कुशवाहा, बृजेन्द्र परिहार व उपअभियंता उमयंती ठाकुर शामिल थी।

रिसाली निगम क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक के बैग व सामान देने के उपयोग में लाए जाने वाले कैरीबैग पर पूर्ण रूप से रोक लगाया है। इसके बाद भी कई लोग इसका उपयोग कर रहे है। सूचना मिलते ही निगम अधिकारियों ने गुमटी, ठेला व पसरा लगाकर फल-सब्जी बेचने वालों के ठिकानो में दबिश देकर जांच की। इस दौरान ढाई किलो कैरीबैग जब्त किया गया। अधिकारियों ने प्रत्येक व्यापारी से 200-200 रूपए जुर्माना वसूला।

## उठाव में तेजी लाएं, कैप कवर की व्यवस्था रखें पुख्ता, संभागायुक्त कावरे ने किया पाटन ब्लाक के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। संभागायुक्त महादेव कावरे ने आज पाटन ब्लाक के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी एक सप्ताह बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। संभागायुक्त ने अपने निरीक्षण के दौरान किसानों से बातचीत की।**

किसानों ने संभागायुक्त को बताया कि खरीदी केंद्रों में अच्छी व्यवस्था है। जनवरी महीने में मौसम काफी खराब रहने के कारण धान बेच नहीं पाये थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों के हित में अच्छा निर्णय लिया और अब हम अपना धान बेच पा रहे हैं। उल्लेखनीय है




कि जिले में अब तक 95 हजार 505 किसान धान बेच चुके हैं और इस तरह 4 लाख 15 हजार 671 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। संभागायुक्त ने किसानों से टोकन आदि समय पर मिलने के बारे में भी पूछा। किसानों ने बताया कि टोकन की व्यवस्था अच्छी बनाई गई है और यह अच्छी बात है कि अब किसानों को धान खरीदी केंद्र में अधिक समय तक रूकना नहीं पड़ता। पहले खरीदी की बेहतर व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों को देर तक खरीदी केंद्रों में समय गुजारना पड़ता था। अब काफी जल्दी खरीदी हो जाती है। संभागायुक्त ने आर्द्रतामापी आदि यंत्र देखे। इसके साथ ही किसानों को यह भी पूछा कि तौल से संतुष्टि है या नहीं। किसानों ने व्यवस्था से संतुष्टि जताई। पाटन केंद्र में संभागायुक्त ने तेजी से धान के उठाव के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस बात की मानिटरिंग करनी है कि जल्द से जल्द धान का उठाव हो जाए। इसके साथ ही उन्होंने कैप कवर आदि की व्यवस्था की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि जनवरी महीने में मौसम में काफी उतार-चढ़ाव रहा। मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए कैप कवर के संबंध में हमेशा एलर्ट रहें। आखरी दिनों में धान खरीदी अधिक होती है, इसके अनुरूप उठाव की व्यवस्था पर भी नजर रखे रहें। संभागायुक्त सेलूद धान संग्रहण केंद्र भी पहुँचे। यहां उन्होंने अब तक हुई धान खरीदी की जानकारी ली। यहां समिति प्रबंधक राजकुमार ने बताया कि अब तक केंद्र में 2 लाख 28 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। संभागायुक्त ने समिति प्रबंधक को धान का विक्रय करने आये किसानों की सभी सुविधाओं का ध्यान रखते हुए यथाशीघ्र खरीदी और उसके साथ ही शीघ्रताशीघ्र उठाव पर नजर रखने भी निर्देशित किया।

संभागायुक्त ने सेलूद खरीदी केन्द्र में बिखरे हुए धान को एकत्रित करने के निर्देश दिये। साथ ही खरीदी स्थल पर मजदूरों के लिए पेयजल आदि के प्रबंध के भी निर्देश दिये।

### कोविड संक्रमण को रोकने हेतु बीएसपी की कवायद

## बीएसपी के जनस्वास्थ्य विभाग ने भिलाई टाउनशिप में किया वृहद सेनीटाईजेशन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड तथा ओमिक्रोन से बचाव हेतु विगत एक माह से भिलाई टाउनशिप में विभिन्न पब्लिक बिल्डिंग, मकानों व विशेष कर कोविड रिपोर्ट आवास क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर सेनीटाईजेशन का कार्य किया जा रहा है। यह अभियान यू के झा, मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवा विभाग के निर्देशन तथा महाप्रबंधक श्रीमती राधिका श्रीनिवासन व डॉ जी के दुबे के मार्गदर्शन में एवं सहायक महाप्रबंधक (जनस्वास्थ्य) सुनील चैरसिया के नेतृत्व में चलाया जा रहा है जिसमें लगभग 30 सीकर स्प्रे मशीन, 5 होंडा ब्लोअर स्प्रे मशीन व ट्रक टैंकर के माध्यम से लगभग 40 कर्मियों द्वारा वृहद रूप से कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। इस कार्य में लगे सभी कर्मियों का मशीनों के साथ आज जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में ड्रिल प्रदर्शन कर उनका हौसला अफ्जाई की गई। वी के भोंडेकर, श्री ए के बंजारा व स्वास्थ्य निरीक्षक रत्नाकर दलाई का विशेष योगदान है। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र अपने टाउनशिप को स्वच्छ व संक्रमण-रहित रखने हेतु प्रतिबद्ध है तथा इस हेतु निरन्तर प्रयासरत है।

# प्लास्टिक फ्री मार्केट बनाने निगम करा रहा प्रतियोगिता, पूर्ण रोक लगाने वाले व्यापारी संघ होंगे पुरस्कृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। नगर पालिक निगम रिसाली को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए व्यापारी से लेकर कलाकार और आम नागरिकों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता सोमवार से आरंभ होगा। इसमें विजेता को नगद, ट्राफी व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि निगम क्षेत्र को प्लास्टीक फ्री करने लिए वे प्लास्टिक के केन्द्र बिन्दु बाजार से स्पर्धा की शुरूआत कर रहे है।**

अलग-अलग बाजार में व्यापारियों को दुकान में प्लास्टिक के प्रतिबंधित थैले में सामान नहीं देने का बोर्ड लगाना होगा। साथ ही प्रत्येक दुकान में डस्टबीन रखना होगा। जिस क्षेत्र की दुकाने सबसे ज्यादा नियम का



पालन करेगी उस व्यापारी संघ को निगम पुरस्कृत करेगा। आयुक्त ने कहा निगम हर वर्ग के लिए प्रतियोगिता रखा गया है। इसका उद्देश्य एक ही है कि शहर को स्वच्छ बनाने में आम लोगों को जागरूक कराना।

### लघु फिल्म में ईनाम 5 हजार

लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता 10 फरवरी को होगा। सबसे अच्छा फिल्म निर्माता को 5000 नगद पुरस्कार दिया जाएगा। निर्माता को स्वच्छता विषय को लेकर लघु फिल्म निर्माण कर प्रदर्शन करना होगा।

### दीवार पर दिखेगी कलाकृति

स्वच्छता को लेकर निगम क्षेत्र के 10 दीवार में चित्रकला प्रतियोगिता कराया जा रहा है। चित्रकार को पेंटब्रश से बेहतर तस्वीर बनानी होगी। चयन समिति में शामिल सद्स्य प्रथम 3 पेंटिग का चयन करेंगे। इसके आधार पर विजेता को क्रमश: पांच व तीन हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। दीवार पर चित्रकार को 6 बाइ 6 में आइल पेंट से तस्वीर बनानी होगी।

### कबाड़ से कला

ऐसे सामान से कलाकृति बनाकर आप 3000 जीत सकते है जिसका उपयोग कबाड़ के रूप में होता है। कबाड़ से बनाए कलाकृति का प्रदर्शनी भी लगाया जाएगा। साथ उसकी बिक्री भी की जाएगी।

### सर्वश्रेष्ठ पेंटिग से होगा कैलेण्डर प्रकाशन

आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि जितने भी स्पर्धा होंगे उसके फोटोग्राफ को कैलेण्डर का स्वरूप दिया जाएगा। पेंटिग, रैली, कबाड़ से तैयार कलाकृति को माह वार चयन कर प्रिंट तैयार कर संपूर्ण रिसाली निगम क्षेत्र में वितरण कराया जाएगा। निगम का यह कैलेण्डर 2022-23 का होगा।

### महिला स्वसहायता समूह भी होगी शामिल

संपूर्ण रिसाली क्षेत्र में जागरूकता महाअभियान के तहत कराए जाने वाले इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की स्वसहायता समूह की सद्स्य भी शामिल होंगी। वे अपने-अपने वार्ड में न केवल रंगोली, ड्राइंग व निबंध प्रतियोगिता कराऐंगी, बल्कि लोगो को जागरूक करने के लिए रैली भी निकालेगी। घर-घर जाकर लोगों को गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक रखने प्रेरित भी करेंगी। बेहतर कार्य और जागरूक करने वाली समूह को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए उपअभियंता उमयंती ठाकुर व मिशन मैनेजर आयरा बघेल ने शुक्रवार को महिला स्वसहायता समूह की बैठक ली।

## विभागीय सुरक्षा अधिकारियों हेतु ऑनलाइन राजभाषा संगोष्ठी सह कार्यशाला संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। इस्पात संयंत्र के राजभाषा एवं सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 03 फरवरी, 2022 को ऑनलाइन राजभाषा संगोष्ठी सह कार्यशाला आयोजित हुई। मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक जी पी सिंह, उपस्थित रहे। कार्यशाला में संयंत्र के विभिन्न विभागों के सुरक्षा अधिकारीगण एवं सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित हुए।**

उप महाप्रबंधक (सुरक्षा) एवं राजभाषा समन्वय अधिकारी श्री राकेश मिश्रा ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार ने कहा कि सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक वर्ष, जनवरी माह को सुरक्षा माह के रूप में मनाते आ रहे हैं। जिससे नए वर्ष का प्रारंभ सुरक्षित ढंग से किया जा सके और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश प्रत्येक कार्मिक तक पहुँचे। विभागीय सुरक्षा अधिकारीगण का वास्ता लगातार हमारे कार्मिक साथियों से पड़ता है। सभी कार्मिक हिंदी जानते, बोलते और समझते हैं, उनसे बातचीत और समस्त कार्यव्यवहार हिंदी में ही करें। जिससे संयंत्र के सुरक्षा संवर्धन को दिशा मिलेगी। विशिष्ट अतिथि कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक जी पी सिंह ने कहा कि हमें सुरक्षा के वैश्विक लक्ष्यों को प्राप्त करना है, उसके लिए हम सतत प्रयासरत हैं, इसमें हिन्दी निश्चित ही सहायक होगी। सुरक्षा विभाग में हम हिंदी में कार्य करते हैं, हिंदी में संवाद करते हैं। हिन्दी हमारी शक्ति है। कार्यक्रम में सुरक्षा अधिकारियों के लिए आयोजित सामान्य ज्ञान पर आधारित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार रहे-प्रथम, श्री अनिल एन भावे, वरिष्ठ प्रबंधक सीआरएम (मेकेनिकल), द्वितीय श्री समीर मोहरिल, सहायक प्रबंधक (फोर्ज एवं स्टील स्ट्रक्चरल शॉप), तृतीय श्री अजय कुशवाहा, उप महाप्रबंधक (आरएमपी 3) एवं चतुर्थ श्री सोमनाथ भट्टाचार्य, प्रबंधक (दूरसंचार)।

हिंदी में सराहनीय कार्य हेतु 5 (पाँच) विभागीय सुरक्षा अधिकारियों को पुरस्कारों की घोषणा की गई वे हैं- डी एन केशरी महाप्रबंधक (एसएमएस-2), सुनील कुमार शुक्ला, वरिष्ठ प्रबंधक (रेल मिल), हेमंत कुमार वर्मा वरिष्ठ प्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस), रमेश कुमार परगनिहा, वरिष्ठ प्रबंधक (मार्स-1) और समीर कुमार मोहरिल, सहायक प्रबंधक (फोर्ज एवं स्टील स्ट्रक्चरल शॉप)। उप महाप्रबंधक (संपर्क व प्रशासन एवं प्रभारी राजभाषा) सौमिक डे ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति के जीवन के आरंभ से लेकर पूरे जीवन काल में सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। सुरक्षा का अभाव ही दुर्घटनाओं का कारण बनता है। जब कभी भी हम असावधान होते हैं या सुरक्षा के प्रावधानों की अनदेखी करते हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950